
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 364 | ग्वालियर, 4 नवम्बर शनिवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## क्या खत्म होगा राघव चड्ढाका राज्यसभा से निलंबन? सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आप सांसद ने उठाया ये कदम



आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढाको राज्यसभा से अनिश्चितकालीन के लिए निलंबित किए जाने के मसले पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला लिया. कोर्ट ने चड्ढा से कहा कि उपराष्ट्रपति और चेयरमैन जगदीप धनखड़ से मिलकर माफी मांगें. जिसके बाद सभापति इस आधार पर विचार कर सकते हैं कि वह एक युवा सदस्य हैं. इस तरह उनके निलंबन को खत्म करने का रास्ता निकल सकता है. सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राघव चड्ढा ने कहा कि उन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से समय मांगा है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि मैं राज्यसभा के सभापति (जगदीप धनखड़) से व्यक्तिगत रूप से मिलूं. इसको देखते हुए और अपने निलंबन को लेकर सभापति के साथ जल्द से जल्द बैठक करने के लिए मैंने समय मांगा है.

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा**–चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से दिवाली की छुट्टियों के बाद मामले को लेकर उनसे आगे के घटनाक्रम के बारे में बताने को कहा.

## असदुद्दीन ओवैसी का वार, बाबरी विध्वंस में कांग्रेस-बीजेपी की बराबर भूमिका, कमलनाथ ने इसे रूफ किया, पूर्व सीएम ने किया पलटवार



तेलंगाना में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां प्रचार में जुट गई है. चुनाव प्रचार के दौरान एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, ÷बाबरी मस्जिद के विध्वंस में कांग्रेस की बीजेपी-ऋस्र् के बराबर भूमिका थी. कमलनाथ ने यह साबित किया है. कांग्रेस और बीजेपी दोनों हिंदुत्व की विचारधारा पर काम करते हैं.अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा. यह कार्यक्रम दोपहर 12.30 बजे होगा, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे. इस पर तंज करते हुए ओवैसी ने कहा, ÷जनवरी में जब राहुल गांधी किसी कार्यक्रम में जाएं तो पीएम मोदी उन्हें अपने साथ ले जाएं, राम-श्याम की जोड़ी अच्छी रहेगी. हमें उम्मीद है कि पीएम मोदी ऐसा करेंगे.÷

**राम मंदिर पूरे देश का है**– कमलनाथअसदुद्दीन ओवैसी को जवाब देते हुए कांग्रेस नेता कमलनाथ ने एएनआई से कहा, ÷कोई कुछ भी बोलता रहे, लेकिन जो मैंने कहा है मैं उस पर कायम हूं कि भगवान राम का मंदिर पूरे देश का है और इस पर सभी का हक है.÷

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गुरुवार (2 नवंबर) को कहा था, ÷1985 में राजीव गांधी ने अयोध्या में तत्कालीन बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाया था. इसलिए किसी को भी राम मंदिर का श्रेय नहीं लेना चाहिए.÷

**तेलंगाना चुनाव में आरोप-प्रत्यारोप**–तेलंगाना चुनाव प्रचार में सांसद असदुद्दीन ओवैसी बीजेपी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साध रहे हैं. इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान के ओवैसी पर निशाना साधा था. अब एआईएमआईएम चीफ ने उन्हें जवाब दिया है.ओवैसी ने कहा कि राहुल गांधी तेलंगाना के लोगों से ठीक वैसा ही वादा कर रहे हैं, जैसा पीएम नरेंद्र मोदी करते हैं. सांसद राहुल गांधी ने सीएम केसीआर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, जिस पर ओवैसी ने कहा कि वे मोदी टू हो गए हैं.

## क्या उत्तर भारत में होगी बारिश और प्रदूषण से मिलेगी राहत?

देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में वायु प्रदूषण खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है. ऐसे में बीते कुछ दिनों से दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद क्षेत्रों में धुंध यानी स्मॉग नजर आ रहा है. हालांकि, इसे कम करने को लेकर सरकार की तरफ से कई कदम भी उठाए गए हैं.मौसम विभाग ने उत्तर भारत को छोड़कर अगले 24 घंटे में देश की अलग-अलग जगहों पर बारिश होने की संभावना जताई है. इस संभावना के बाद दिल्ली समेत पूरे एनसीआर के लोगों को फिलहाल प्रदूषण से राहत मिलती नहीं दिखाई दे रही है.**उत्तर भारत में नहीं होगी बारिश**–उत्तर भारत में मौसम की स्थिति पर आईएमडी ने कहा, ÷उत्तर भारत पर फिलहाल कोई पश्चिमी विक्षोभ नहीं है.

# वर्ल्ड फूड डे पर बोले पीएम मोदी- कृषि निर्यात के मामले में दुनिया के टॉप 7 देशों में भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में विश्व खाद्य दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने बीते 9 सालों में खाद्यान्न के क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी. पीएम मोदी ने कहा, हम दुनिया में कृषि निर्यात के क्षेत्र में बढ़कर 7वें स्थान पर पहुंच गये हैं.आज भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है इसलिए हम खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में काफी तेजी से काम कर रहे हैं. खाद्यान्न निर्भरता से जुड़ा ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहां हम तेजी के साथ काम नहीं कर रहे हों. ये फूड सेक्टर से जुड़ी हर कंपनी हर स्टार्टअप के लिए गोल्डन ऑपरच्यूनिटी है.

**5 सालों में आया 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश**–टेस्ट और टेक्नॉलजी का ये फ्यूजन एक नए भविष्य को जन्म देगा, एक नई इकोनॉमी को गति प्रदान करेगा. आज की बदलती हुई



दुनिया में 21वीं सदी की सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक फूड सिक्योरिटी भी है. इसलिए ह्वश्वह्यद्य फूड इंडिया का ये आयोजन और भी अहम हो गया है. पिछले 9 वर्षों में फूड इंडस्ट्री के सेक्टर में 50 हजार करोड़ का स्नष्ठढ्ढ आया है. ये भारत सरकार की प्रो इंडस्ट्री और प्रो फार्मर्स नीति का परिणाम है. हमने फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के लिए पीएलआई स्किम शुरू की है.

**महिलाओं में है फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को लीड करने की क्षमता**–प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की महिलाओं में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को लीड करने की स्वाभाविक क्षमता है. इसके लिए हर स्तर पर महिलाओं को, कुटीर उद्योगों और एसएचजी को प्रमोट किया जा रहा है. भारत में जितनी सांस्कृतिक विविधता है, उतनी ही खाद्य विविधता भी है. हमारी ये खाद्य विविधता दुनिया के हर इन्वेस्टर के लिए एक डिवाइडेंड है.

## कैलाश विजयवर्गीय के नामांकन को रद्द करने की मांग, हाईकोर्ट जाने की तैयारी में कांग्रेस



बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय एक बार फिर से मुश्किल में पड़ सकते हैं. दरअसल कांग्रेस कैलाश विजयवर्गीय के नामांकन को लेकर हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रही है. इस मामले में कैलाश विजयवर्गीय पर दो मामलों को छुपाने का आरोप लगा है. उन्होंने जब नामांकन दाखिल किया और उसमें अपने ऊपर चल रहे आरोपों की जानकारी दी तो बताया जा रहा है कि उन्होंने दो आरोप छुपा लिए. हालांकि इधर कैलाश विजयवर्गीय ने मामले में सफाई पेश की. उनका कहना है कि आप कहां किसे याद रहता है कि उस पर कितने केस दर्ज हैं.भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के नामांकन को लेकर कांग्रेस ने हाई कोर्ट का रुख करने का फैसला किया है इस मामले में कैलाश विजयवर्गीय का नामांकन स्वीकार करने वाले रिटर्निंग अधिकारी को लेकर भी कांग्रेस हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रही है कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस मामले की शिकायत करने की बात कही है और कांग्रेस का कहना है कि दो लंबित मामलों की जानकारी कैलाश विजयवर्गीय ने छुपाई है. इधर इंदौर में एबीपी लाइव से चर्चा करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा ने कहा कि इंदौर एक के कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला ने चुनाव आयोग को एक शिकायत सौंपी है शिकायत में यह मांग की गई है कि झूठा शपथ पत्र दाखिल करने के लिए विजयपथ का नामांकन रद्द किया जाए

## नीतीश कुमार ने थमाया है पर्चा, तभी जनगणना का राग अलाप रहे हैं राहुल गांधी, रविशंकर ने कसा कांग्रेस पर तंज



मध्य प्रदेश में जाति आधारित जनगणना को लेकर चुनावी सभा में राहुल गांधी द्वारा दिए बयान पर बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने जमकर हमला बोला है. रविशंकर प्रसाद ने कहा कि, राहुल गांधी को कोई चिट पकड़ा देता है, तो वह पकड़ लेते हैं. कभी राफेल की चिट पकड़ लिए तो राफेल-राफेल करने लगे. कभी सावरकर की चिट पकड़ लिए तो कहेंगे कि मैं सावरकर नहीं हूं जो माफी मांगू. आज कल नीतीश कुमार ने उन्हें जाति आधारित जनगणना की चिट पकड़ा दी है, तो राहुल गांधी आजकल जाति आधारित जनगणना पर बोलते हैं. जातीय जनगणना के नाम पर हो रहा अत्याचार-वहीं रविशंकर प्रसाद ने कहा कि, राहुल गांधी होमवर्क नहीं करते, बिहार में जो जनगणना हुई,

## राम मंदिर का क्रेडिट ले रही बीजेपी पर कमलनाथ का हमला, कहा- राजीव गांधी ने सबसे पहले खुलवाया था ताला




राम मंदिर का क्रेडिट लेने की होड़ के बीच मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ ने गुरुवार (2 नवंबर) को इसे लेकर बड़ी बात कही. उन्होंने कहा कि राजीव गांधी 1985 में अयोध्या में तत्कालीन बाबरी मस्जिद के ताले खोलने वाले पहले व्यक्ति थे, इसलिए और किसी को भी राम मंदिर का श्रेय नहीं लेना चाहिए.इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में कमल नाथ ने कहा, ÷अयोध्या में राम मंदिर का ताला राजीव गांधी ने खोला. हमें अपने इतिहास को नहीं भूलना चाहिए. राम मंदिर किसी एक पार्टी या व्यक्ति का नहीं है, ये हमारे पूरे देश और हर नागरिक का है. क्चछ्वक्क राम मंदिर को अपनी संपत्ति समझकर हड़पना चाहती है. वो सरकार में थे, उन्होंने इसे बनाया. अपने घर से तो बनाया नहीं है. सरकार के पैसों से बनाया है. चुनाव जीतने पर कांग्रेस श्रीलंका में सीता माता मंदिर बनवाने का अपना वादा निभाएगी.÷

**पहले भी दे चुके हैं ऐसा बयान**–बता दें कि पिछले महीने भी कमल नाथ ने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाए जाने पर पूछे गए सवाल के जवाब में,ह्रढ्ढ को कहा था, ÷वे राम मंदिर के बारे में ऐसे बात कर रहे हैं जैसे ये क्चछ्वक्क का हो. राम मंदिर हमारे देश का मंदिर है. ये हमारे सनातन धर्म का बहुत बड़ा प्रतीक है. क्या ये किसी एक पार्टी का है?÷

**राजीव गांधी को दिया पहला क्रेडिट**–राजीव गांधी के राम मंदिर का ताला खोलने वाली बात इससे पहले कमलनाथ अप्रैल 2023 में भी एक कार्यक्रम में बोल चुके हैं. तब उन्होंने कहा था ÷क्चछ्वक्क हर चुनाव में राम मंदिर का मुद्दा उठाती है. लेकिन कौन नहीं चाहता कि अयोध्या में राम मंदिर बने? वो पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने राम मंदिर का ताला खुलवाया था.

## निर्दलीय और छोटी पार्टियां छतरपुर की कई सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी के लिए खड़ी कर सकती हैं बड़ी मुसीबत

मध्य प्रदेश का छतरपुर जिला इन दिनों अचानक चर्चा का केंद्र बना हुआ है. दरअसल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी, दोनों ही दल ज्यादा से ज्यादा सीट हासिल करना चाहते हैं, इसके लिए जिले के हिसाब से रणनीति बनाई गई है और उसी हिसाब से चुनाव प्रचार का दौर भी चल रहा है.

पर इस जिले में आकर दोनों ही राजनीतिक दलों की रणनीति फेल होती दिख रही है. इसकी वजह है यहां अलग-अलग सीटों पर मौजूद बागी और छोटे दलों का प्रभाव. 2018 में छतरपुर एकमात्र ऐसा जिला था जहां बीजेपी ने बुंदेलखण्ड में सबसे खराब प्रदर्शन किया था.




**बीजेपी सुधारना चाहती है पिछला प्रदर्शन**–यहां की छह सीटों में से चार कांग्रेस के खाते में गईं थीं और एक-एक सीट भाजपा और समाजवादी पार्टी ने कब्जा जमाया था. 2020 में मलेहरा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी और बिजावर से एसपी विधायक राजेश शुक्ला भाजपा में शामिल हो गए, जिससे छतरपुर में तीन-तीन सीटें हो गईं. बीजेपी का लक्ष्य इस संख्या को बरकरार रखना है जबकि कांग्रेस इस संख्या में सुधार करना चाहती है. हालांकि, दोनों के लिए बड़ी बाधा विद्रोहियों और छोटे दलों से आ रही है.बिजावर में बीजेपी ने विधायक राजेश शुक्ला को और कांग्रेस ने चरण सिंह यादव को मैदान में उतारा है. इन समुदायों में यादव मतदाता 38,000 वोटों के साथ सबसे ज्यादा हैं. इस सीट पर बीजेपी की पूर्व विधायक रेखा यादव एसपी के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं और कांग्रेस व बीजेपी की मुश्किलें बढ़ा रही हैं. वहीं, पूर्व विधायक भैया राजा के बेटे और कांग्रेस नेता भुवन सिंह केशू राजा निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं.

**महाराजपुर में बागी बिगाड़ सकते हैं खेल**–बात महाराजपुर सीट की करें तो यहां कांग्रेस के बागी उम्मीदवार दौलत तिवारी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं. कांग्रेस ने विधायक नीरज दीक्षित को मैदान में उतारा है. बीजेपी ने पूर्व विधायक मानवेंद्र सिंह भंवर राजा के बेटे कामाख्या प्रताप सिंह को टिकट दिया है.

## मेनका गांधी पर भड़के जहर के खेल में फंसे एल्विश, बोले- इल्जाम लगा दो, ऐसे मिलता है लोकसभा का टिकट

बिग बॉस ओटीटी2 के विनर और यूट्यूबर एल्विश यादव बड़ी मुसीबतों में फंसते हुए नजर आ रहे हैं. रेव पार्टी में सांप के जहर के कथित इस्तेमाल मामले में एल्विश समेत पांच अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है. नोएडा पुलिस ने छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एल्विश अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं. इस रेव पार्टी का भंडाफोड़ बीजेपी सांसद मेनका गांधी के एनजीओ ने किया है, जो जानवरों के लिए काम करता है. यही वजह है कि अब एल्विश ने इस मामले को लेकर मेनका गांधी पर तंज भी कसा है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है, %इस्कॉन पर इल्जाम लगा दो, मुझ पर लगा दो, ऐसे लोकसभा की टिकट मिलता है? दरअसल, मेनका गांधी ने हाल ही में कहा था कि इस्कॉन अपनी गौशालाओं में पाली जाने वाली गायों को कसाइयों को बेचता है. इसके बाद इस्कॉन की तरफ से बीजेपी सांसद को 100 करोड़ रुपये का मानहानि का नोटिस भी भेजा गया था.



## सांप तस्करी मामले में 3 राज्यों में एल्विश यादव की तलाशी के लिए अभियान, यूपी सरकार के मंत्री ने कहा- कानून सबके लिए बराबर

बिग बॉस ओटीटी2 विनर और यूट्यूबर एल्विश यादव और उनके पांच अन्य सहयोगियों पर सांपों की तस्करी के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है. नोएडा पुलिस ने ये एफआईआर दर्ज की है. पुलिस को इनके पास से 20 एमएल सांप का जहर, 9 जहरीले सांप भी बरामद हुए हैं, जिनका इस्तेमाल रेव पार्टियों के लिए किया जा रहा था. उनके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण से जुड़े मामले के तहत कार्रवाई की गई है. वहीं, पुलिस का कहना है कि वह एल्विश से संपर्क नहीं कर पा रही है. एल्विश की तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है. फिलहाल तीन राज्यों में छापेमारी चल रही है. पुलिस ने बताया है कि इनके पास से जो जहर



बरामद हुआ है, उसे जांच के लिए एसएसएल के पास भेजा जाएगा. पुलिस को इनके पास से पांच कोबरा, एक अजगर, एक दो-मुंह वाला सांप और एक रेट स्नेक बरामद हुआ है. पुलिस ने इन सभी सांपों को अपने कब्जे में कर लिया है.

**आरोपों को बताया बेबुनियाद** –इस बीच एल्विश यादव की तरफ से भी अपनी सफाई में बयान सामने आया है. एल्विश का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं. इन आरोपों में एक फीसदी भी सच्चाई नहीं है. जितने भी इल्जाम लगे हैं, इससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है. वहीं, बताया गया है कि एल्विश यादव ने सांपों के लिए राहुल यादव नाम के एक शख्स से संपर्क किया था. पुलिस ने कहा है कि एल्विश यादव को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

**मंत्री ने कहा- दो से पांच साल तक हो सकती है सजा**–वहीं, यूपी सरकार के मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा है कि एल्विश के खिलाफ जो मामला दर्ज किया गया है, उसमें दो से पांच साल तक सजा का प्रावधान है. कानून सबसे लिए बराबर है. उन्होंने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है. अभी जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. पुलिस ने अभी जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, उन्होंने ही पुलिस को एल्विश के भी इस मामले से जुड़े होने की जानकारी दी है.

## संजय सिंह ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, क्या है मांग?

दिल्ली शराब नीति से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी (ंक्क) सांसद संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट का शुक्रवार को दरवाजा खटखटाया. सिंह की याचिका. 20 अक्टूबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दी थी. हाई कोर्ट ने कहा था कि कानून के आधार पर ही गिरफ्तारी हुई है. जांच एजेंसी पर राजनीति के आधार पर काम करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता. संजय सिंह को 4 अक्टूबर को प्रवर्तन निदेशालय ने लंबी पूछताछ और उनके आवास पर छापमेरी के बाद गिरफ्तार किया था. सिंह ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है.



**इन नेताओं पर भी ईडी ने कसा शिकंजा**–दिल्ली आबकारी नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ही पूर्व डिप्टी सीएम और आप नेता मनीष सिसोदिया कैद में हैं. इसके अलावा जांच एजेंसी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी मामले में समन भेजकर पूछताछ के लिए गुरुवार को बुलाया था, लेकिन केजरीवाल इसे राजनीतिक साजिश करार देते हुए पेश नहीं हुए.

बता दें कि ईडी के समन को तीन बार कोई शख्स नजरअंदाज कर सकता है. इसके बाद एजेंसी के पास कोर्ट से गैर-जमानती वारंट मांगने का विकल्प होता है.

**ईडी का क्या आरोप है**–ईडी का आरोप है कि आबकारी नीति में कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाने के लिए और शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए कथित तौर पर पैसे लिए गए थे.

# शेठ एमएन हाई स्कूल के छात्र भव्य और अंशुल की कृति ने राज्य स्तरीय गणित महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पाटन/गुजरात।** पूरे राज्य के 22 जिलों के इक्यावन स्कूलों के 450 विद्यार्थियों में शेठ एम.एन.हाईस्कूल के भव्य और अंशुल की मैथ की पहेलियाँ राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर रहीं।

### राज्य स्तरीय गणित महोत्सव में शेठ एम.एन हाईस्कूल के बच्चों का दबदबा

ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब द्वारा आयोजित 17वां गुजरात राज्य गणित महोत्सव 21 और 22 अक्टूबर 2023 को संदीपनी विद्या कॉम्प्लेक्स मनावद, पालीताणा में आयोजित किया गया था। इस राज्य स्तरीय गणित महोत्सव में राज्य भर के 22 जिलों के 51 स्कूलों के 450 छात्रों और 100 शिक्षकों ने भाग लिया। इस गणित उत्सव में गणित मॉडल, गणित पहेलियां, शिक्षक नवाचार प्रस्तुतिकरण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उत्तर गुजरात युवक मंडल, शेठ एम.एन हाईस्कूल, पाटन के छात्र पटेल भव्य हर्षिदकुमार और पटेल अंशुल जिग्नेशकुमार ने स्कूल शिक्षक श्री डॉ अल्पेश कुमार.एस. पटेल के मार्गदर्शन में गणित मॉडल, गणित पहेली और



गणित प्रश्नोत्तरी नामक तीन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। . जिसमें हमारे विद्यालय शेठ एम.एन.हाई स्कूल के बच्चे पटेल भव्य और पटेल अंशुल ने गणित पहेली अनुभाग में पूरे गुजरात राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कियाऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब के चेयरमैन चंद्रमोलि जोशी और वैज्ञानिकों की मौजूदगी में इन विजेता बच्चों को शील्ड, गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से हमारे स्कूल के शिक्षक श्री डॉ अल्पेशकुमार एस पटेल ने भी गणित महोत्सव में जूनियर वर्ग में निर्णायक के रूप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिसके लिए उन्हें प्रमाण पत्र से भी सम्मानित किया गया।

**ये बच्चे अब राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने जायेंगे-** बहादुर सिंह सोलंकी (उप निदेशक उच्च शिक्षा, गुजरात), श्री सुनील वानखेड़े (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एपीजे केवाईएस, महाराष्ट्र), श्री एमएस सोलंकी (भारतीय गणितज्ञ, लेखक शिक्षक, मध्य प्रदेश) श्री लालजीभाई जोगराना (जीएसटी अधिकारी गुजरात राज्य) , इस गणित उत्सव में भाग लिया।डॉ. चंद्रमोली जोशी सर, अध्यक्ष श्री - ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब की विशेष उपस्थिति रही। पूरे कार्य को विद्यालय के आचार्य डी.के ठक्कर द्वारा पूर्ण रूप से प्रोत्साहित एवं निर्देशित किया गया

स्कूल के दोनों बेटे भव्य, अंशुल और परिवार, विद्यालय और पूरे पाटन जिले को गौरवान्वित करने के लिए गुरु शिक्षक भाई श्री डॉ अल्पेशभाई पटेल को धन्यवाद। उत्तर गुजरात युवक मंडल के माननीय अध्यक्ष श्री डॉ. जे. के . पटेल, मंत्री श्री मनसुखभाई पटेल, प्रबंधन मंडल के सभी सदस्यों, विद्यालय के उत्साही आचार्य श्री धनराज भाई ठक्कर एवं समस्त विद्यालय परिवार को शुभकामनाओं के साथ बधाई दी। इन बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर भी विजेता बनने की हार्दिक शुभकामनाएँ...

# डंकी के टीज़र में बोमन ईरानी की शिक्षक के रूप में वापसी, टीजर देख एक्साइटेड हुए फैंस

**खरगोन जिले**
**मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

दुनिया भर के सिनेप्रेमियों को आश्चर्यचकित करते हुए, मशहूर फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी की बहुप्रतीक्षित डंकी का टीज़र आखिरकार रिलीज़ हो गया है। एक कॉमेडी-ड्रामा, इस फिल्म में शाहरुख खान, बोमन ईरानी, तापसी पन्नू और विक्की कौशल सहित कई कलाकार शामिल हैं। आज शाहरुख खान के जन्मदिन के जश्न में, फिल्म के निर्माताओं ने टीज़र का अनावरण किया है, जिसमें दर्शकों को डंकी की मनोरम दुनिया की झलक दिखाई गई है। विदेशी तटों तक पहुंचने की तलाश में निकले चार दोस्तों की एक दिल छू लेने वाली कहानी, डंकी में बोमन ईरानी और राजकुमार हिरानी और शाहरुख खान का पुनर्मिलन होता है। एक शिक्षक की भूमिका निभाते हुए, अभिनेता ने अपनी बेदाग कॉमिक टाइमिंग के जरिए एक और शानदार प्रदर्शन का वादा किया है।




दिलचस्प बात यह है कि शिक्षक की भूमिका में बोमन ईरानी इससे पहले राजकुमार हिरानी की 3 इडियट्स% और मुन्ना भाइ सीरीज में दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। उन्होंने फराह खान कुंदर की मैं हूं ना में शाहरुख खान के साथ एक प्रोफेसर के रूप में स्क्रीन भी साझा की, जहां उनकी केमिस्ट्री को सिनेप्रेमियों द्वारा बेहद सराहा गया। एक बार फिर से साथ आने पर, डंकी की पहली झलक ने उन प्रशंसकों की प्रत्याशा को बढ़ा दिया है जो उन्हें बड़े पर्दे पर एक साथ देखने के लिए उत्सुक हैंडंकी में अभिनय के बारे में बात करते हुए बोमन ईरानी ने कहा, इस विशेष फिल्म का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। जीनियस राजकुमार हिरानी और शाहरुख खान, जो वास्तव में सबसे बड़े स्टार हैं, के साथ काम करना एक बार फिर वास्तव में आनंददायक रहा है। लंबे समय के बाद, मैं एक बार फिर एक शिक्षक की भूमिका निभा रहा हूं और मेरे किरदार में एक दिलचस्प कहानी है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक वास्तव में इसका आनंद लेंगे। मैं अपने दिल के टुकड़े को दर्शकों के सामने लाने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता।डंकी रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट, राजकुमार हिरानी फिल्म्स और जियो स्टूडियोज द्वारा समर्थित है। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित, बहुप्रतीक्षित फिल्म 22 दिसंबर, 2023 को स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है।

# लहार क्षेत्र में कांग्रेस का अंत हो रहा है कमल खिल रहा है-एसपी सिंह बघेल






**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** लहार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 भाजपा प्रत्याशी अम्बरीष शर्मा गुड्डू के समर्थन में दबोह के सरस्वती शिशु मंदिर प्रंगरण में विशाल जनसभा हुई.जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार एसपी सिंह बघेल जी उपस्थित रहे।उनके साथ डॉ राजकुमार सिंह कुशवाह उपाध्यक्ष बीज एवं फार्म विकास निगम मध्य प्रदेश शासन दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री भी उपस्थित रहे।जनता को संबोधित करते हुए एसपी सिंह बघेल जी ने कहा की लहार क्षेत्र में जिस प्रकार से जनसंपर्क के दौरान अम्बरीष शर्मा जी को जनता का आशीर्वाद में मिल रहा है उसको देखकर ऐसा लग रहा है कि आने वाले 17 नवम्बर को लहार




विधानसभा की जनता अपना अमूल्य मत देकर अम्बरीष शर्मा जी को जीता कर लहार को विकास से जोड़ेगी। जिस प्रकार से आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का काम किया है ऐसा दिखाई पड़ता है कि जनता को पता है कि किस सरकार में हमें विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लाभ मिला है। कभी 70 साल की कांग्रेस सरकार ने हमें ना गैस कनेक्शन दिया,न किसानों के सम्मान के बारे में सोचा,न बेटियों के सम्मान के बारे में सोचा,न महिलाओं को सम्मान के बारे सोचा,उस समय तो देश में ऐसा लगता था कि एक परिवार ही मानो देश चला रहा हो,लेकिन आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस मानसिकता को बदलते हुए आज पूरा देश कंधे से कंधा मिलाकर देश की उन्नति में अपना सहयोग दे रहा है साथ ही हमें ये ध्यान रखना चाहिए हम 35 साल से ऐसे अयोग्य व्यक्ति को जीता रहें जिसने 80 दिन में बघेल समाज की 82 पकड़ें करवाईं थीं मित्रों हमनें जो दिन देखें हैं वो हमारी आने वाली पीढ़ी को न देखना पड़े उन्हें अच्छी शिक्षा मिल सके इसलिए अम्बरीष शर्मा गुड्डू का साथ दें उनको अपना आशीर्वाद दें भाजपा प्रत्याशी अम्बरीष शर्मा गुड्डू ने जनता जनता से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि मेरी ताकत आप हैं मेरे भाइयों ,मेरी बुजुर्गों ,मेरे युवा साथियों मेरी माताओं ,मेरी बहनों मैं अकेले कुछ भी नहीं आप सबकी ताकत की वजह से ही आज मैं इस अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए खड़ा हुआ हूं और मैं विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपकी सेवा में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ूंगा।

# भाजपा नेताओं ने अपना विकास ज्यादा किया, यदि क्षेत्र का विकास करते तो दिखना भी चाहिए था: जसपाल सिंह अरोरा

### वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने किया श्यामपुर में कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ एवं मंडी क्षेत्र में जनसंपर्क

**सीहोर।** सीहोर के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तो खूब पैसा दिया, लेकिन इस पैसे का विकास भाजपा नेताओं ने अपने लिए ज्यादा किया। यदि बाकई में इस पैसे से विकास कार्य होते तो क्षेत्र में ये विकास दिखना भी चाहिए था। सीहोर के भाजपा नेताओं का विकास तो खूब दिख रहा है, लेकिन सीहोर विधानसभा एवं क्षेत्र के लोगों की स्थिति वैसे ही बनी



हुई है। उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अब भाजपा विकास के नाम पर वोट मांगने लोगों के घर जा रही है, इसलिए इस बार इनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है। यह बात कद्दावर नेता एवं हाल ही में भाजपा से कांग्रेस में आए वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कही है। वे श्यामपुर में कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सीहोर क्षेत्र के मंडी में भी जनसंपर्क किया एवं लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की। वरिष्ठ नेता श्री अरोरा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सीहोर विधानसभा क्षेत्र विकास की बांट जोह रहा है। यहां के लोग विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए तरह गए हैं। भाजपा में रहते हुए भी तमाम प्रयास किए, लेकिन भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के लिए पैसा देने की कमी नहीं रखी है, लेकिन यहां के जिम्मेदार यह सब पैसा खा गए। यह पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार योजनाएं चला रही हैं, लेकिन इन योजनाओं का लाभ ही लोगों को नहीं मिल रहा है। किसान परेशान है, आम जनता भी हलाकान है। महंगाई की मार से लोग पीड़ित हैं। श्री अरोरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने वचन पत्र में किसान कर्जमाफी, बिजली बिल माफी सहित कई अन्य वचन दिए हैं और कांग्रेस इन वचनों को पूरा भी करेगी। 2018 के विधानसभा चुनाव में किसान कर्जमाफी का वादा किया था, जिसकी शुरूआत भी हो गई थी, लेकिन दल-बदलुओं के कारण सरकार चली गई, लेकिन इस बार सरकार आते ही कर्जमाफी फिर से शुरू की जाएगी। इस दौरान भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा का ग्रामीण क्षेत्रों में फूलमाला पहनाकर स्वागत, सत्कार किया गया एवं उनकी भव्य अगवानी की गई। उनके साथ कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना सहित कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक भी मौजूद रहे।

# संविधान के मूल्यों को बचाने आगे आएं युवा- शशांक सक्सेना

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी सरकार में संविधानिक संस्थाओं को ढहाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। अब लडाई संविधान को बचाने की है। संविधानिक संस्थाओं को मिटाने के लिए भाजपा और पूंजीवादी ताकतें लगी हुई है। आज देश में संविधान और लोकतंत्र संकट में है। लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों को बचाने के लिए युवा आगे आएं। बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर ने हमें संविधान में समानता का अधिकार दिए। संविधान सभी को आगे बढने का समान अवसर प्रदान करता है। लेकिन आज देश में हालात कुछ और ही निर्मित हो गए हैं। यह बात जनसपंर्क के दौरान सीहोर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने कही। शुक्रवार को श्री सक्सेना ने नगर के गल्ला मंडी, मंडी, जनता कालोनी, संजय कालोनी, टप्पर एरिया, पीठा, फ्रीगंज, नरसिंहगढ नाका, प्रेम नगर, इन्द्रा कालोनी, मस्जिद एरिया में जनसंपर्क किया। इस दौरान फ्रीगंज मंडी



क्षेत्र में संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर की चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मंडी क्षेत्र में अनेकों स्थानों पर श्री सक्सेना का स्वागत किया। जनसंपर्क में युवा बढ चढ कर कांग्रेस प्रत्याशी के साथ चल रहे हैं।श्री सक्सेना ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब, किसान, मजदूर, छात्र, युवा, व्यापारी हर वर्ग को राहत मिलेगी। प्रदेश में जनगणना कराई जाएगी, ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सस्ता गैस सिलेण्डर, महिलाओं को 1500 रूपए हर माह, विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा के साथ ही मासिक छात्रवृत्ती मिलेगा। कांग्रेस गरीब, किसान, मजदूरों की पार्टी है। भाजपा ने पूंजीवाद को बढावा दिया है, मंहगाई से लोग परेशान है। लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है। युवा परिर्वतन के संकल्प के साथ आगे बढ रहे हैं। श्री सक्सेना ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### महाविद्यालयीन छात्रों ने किया 'यूथ चला बूथ' कार्यक्रम

# रामाकृष्णा कालेज में छात्र- छात्राओं ने रंगोली, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक कर दिखाई प्रतिभा






**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना विधानसभा चुनाव- 2023 में जैसे- जैसे मतदान दिवस की तिथि करीब आ रही है। उसी प्रकार सतना जिले की सभी सात विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता की गतिविधियों में तेजी लाई जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा की उपस्थिति में शुक्रवार को सतना शहर के रामाकृष्णा कालेज के छात्र- छात्राओं ने ÷यूथ चला बूथ÷ कार्यक्रम किया। इस दौरान पूरे कालेज परिसर को मतदाता जागरूकता की रंगोली और पोस्टर बनाकर छात्र- छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से सजाया। इस मौके पर स्थानीय बघेली भाषा में छात्राओं ने मतदान के महत्व और आवश्यकता को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा ने छात्र- छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर एवं रंगोली का निरीक्षण किया और उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही शपथ दिलाकर सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप डॉ परीक्षित झाडे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषि पवार, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गहलोत, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्री सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्री श्याम किशोर द्विवेदी,कालेज के संचालक श्री शम्मी पुरी, श्री शाश्वत पुरी, मनीषा पंजवानी, डॉ छाया श्रीवास्तव,श्री दीपक नेमा,श्री संदीप भारती सहित कॉलेज का स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों ने ट्राई सिइकिल रैली निकालकर दिया समावेशी और सुगम मतदान का संदेश

**सतना सतना जिले में**
**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

समावेशी,सुगम,विश्वसनीय एवं नैतिक मतदान कराने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरुक करने शुक्रवार को शहर में दिव्यांगजनों की मोटराईज्ड ट्राइसिकिल रैली निकाली गई। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर सिविल लाइन चौपाटी से रैली को रवाना किया और अधिकारियों के साथ पैदल चलकर रैली में स्वयं भी शामिल हुए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप डॉ परीक्षित झाडे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषि पवार, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक



गहलोत, सहायक नोडल अधिकारी श्री सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्री श्याम किशोर द्विवेदी, जिला संगठक एनएनएस डॉ क्रांति मिश्रा,केके शुक्ला, कैंपस एंबेसडर नेहा पाण्डेय,अतुल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे। दिव्यांगजनों की यह मोटराइज्ड ट्राईसिकिल रैली सतना शहर के उन हिस्सों में भी गई जहां पिछले चुनाव में औसत से कम मतदान हुआ है। दिव्यांगजनों की आकर्षक ट्राईसिकिल रैली को गलियों में मतदाता नागरिकों ने बड़े ही कौतूहल और उत्साह पूर्वक देखा और आगामी 17 नवंबर को मतदान करने की मानसिकता बनाई। इसी प्रकार सभी जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर भी दिव्यांगजनों द्वारा मतदाता जागरुकता की विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# रक्तदाताओं ने दो यूनिट रक्तदान करके महिला की जान बचाई



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**जवाली सुमेरपुर** भगवान महावीर अस्पताल में भर्ती देसूरी निवासी पवनी कुमारी प्रजापति इमरजेंसी हीमोग्लोबिन की कमी सबसे महंगा नहीं मिलने वाला ए बी पलस बलेड की जरूरत पड़ने पर मरीज के परिजनो दारा सुमेरपुर में कई जगह पर प्रयास किया लेकिन व्यवस्था न हो पाई महिला की जान ज्यादा खतरे में थी जिसकी सूचना रक्तदान महादान टीम सादड़ी उपाध्यक्ष संजय हीरागर को मिली उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गोयल से बात करके उपाध्यक्ष संजय हीरागर लगातार 21 बार ए बी पलस बलेड 60 किलोमीटर बाइक का सफर करके रक्तदान किया दूसरा यूनिट कुशल माली ने किया खून मिलने के बाद मरीज के परिजनों में लंबी सांस ली प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गोयल माली सादड़ी ने बताया कि रक्तदान से बड़ी कोई सेवा नहीं उपाध्यक्ष संजय हीरागर कई बार इमरजेंसी में रक्तदान करके महिला की जान बताइए इनके लिए इनका मरीज के परिजनो दारा आभार जताया

# आबकारी विभाग भिण्ड द्वारा 1 करोड़ 80 लाख रूपये की विदेशी शराब एवं वाहन जप्त

### जिला प्रशासन के निर्देश पर आबकारी अमले के द्वारा नाकों पर जांच जारी

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी पंकज तिवारी के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में प्रभावी नियंत्रण हेतु संघन चैकिंग के दौरान आज 03 नवम्बर को प्रातः भिण्ड जिले में प्रवेश करते हुये इटावा- भिण्ड रोड़ स्थित दीनपुरा आर.टी.ओ. चैक पोस्ट पर 1 करोड़ 80 लाख की कीमत की शराब जप्त की है।आबकारी विभाग भिण्ड के आबकारी उपनिरीक्षक श्री अजीत यादव द्वारा वैध परिवहन परमिट के अभाव पर विदेशी मदिरा की 578 कार्टून जिसमें 2601 लीटर विदेशी मदिरा जिन है के अवैध परिवहन पाये जाने पर विधिवत जप्त की गई। मध्यप्रदेश आबकारी एक्ट के तहत् प्रकरण कायम



किया गया। प्रकरण की विवेचना जारी है। यह विदेशी मदिरा वाहन क्रमांक यूपी 22 एटी 9765 टाटा आयसर द्वारा रेडिको खेतान डिस्टलरीज रामपुरा उ.प्र. से जेसलमेर इंडियन क्राफ्ट जिन, जिस पर फोर सेल टू डिफेन्स पर्सनल ऑनली अंकित पाया गया।चैकिंग के दौरान वाहन चालक द्वारा संबंधित विदेशी शराब का वैध परमिट प्रस्तुत नहीं करने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।आरोपी मोहम्मद इस्लाम पुत्र मोइद्दीन उम्र 53 साल निवासी जिला रामपुर उ.प्र. एवं हरवंश सिंह पुत्र नदराम उम्र 36 साल निवासी जिला रामपुर उ.प्र. को गिरफ्तार किया एवंमदिरा एवं वाहन को जप्त किया गया।जप्त विदेशी शराब एवं जप्त वाहन की कीमत लगभग 01 करोड़ 80 लाख रूपये आंकलित है।विधानसभा निर्वाचन में विदेशी शराब की अवैध परिवहन के रोकथाम हेतु आबकारी विभाग भिण्ड की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।उक्त कार्यवाही में आबकारी विभाग श्री हरेन्द्र सिंह मावई, श्री नरेन्द्र कुमार प्रजापति, आबकारी उपनिरीक्षक एवं स.उ.द. ग्वालियर श्री लोकेश तिवारी, आबकारी उपनिरीक्षक तथा आबकारी आरक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, श्री राहुल सिंह भदौरिया, श्री उपेन्द्र सिंह चौहान, श्री शिरोमणि सिंह, श्री प्रदीप व्यास, श्री प्रमोद बोहरे, श्री श्यामबीर सिंह, आर.टी.ओ. निरीक्षक कुलदीप भार्गव एवं परिवहन स्टाफ उपस्थित रहा। जिला आबकारी अधिकारी जिला भिण्ड द्वारा अपने कार्यपालिक बल के साथ लगातार गश्त / दबिश की जाकर निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता का सम्यक पालन कराया जा रहा है।

## विराट कोहली को आउट कर दूंगा World Cup 2023 का सबसे अच्छा गिफ्ट : आर्यन दत्त

**बेंगलुरु ।** नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त 2023 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली को आउट करने का सपना देख रहे हैं। भारत और नीदरलैंड के बीच 12 नवंबर को बेंगलुरु में मुकाबला होना है जिसके लिए आर्यन तैयारी कर रहे हैं। दत्त ने इस विश्व कप में प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 6 मैचों में पांच रन प्रति ओवर से कम की इकॉनमी रेट के साथ 8 विकेट लिए हैं। हाल ही में 31 अक्टूबर को एक साक्षात्कार में दत्त ने 1992 विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए दीपक पटेल द्वारा निभाई गई भूमिका की तुलना की। उन्होंने कहा कि मैं हर विकेट को महत्व देता हूं, लेकिन कोहली को आउट करना इस विश्व कप में सबसे अच्छा उपहार होगा।



मैं अपनी तुलना दीपक पटेल से नहीं करता, लेकिन मैं भारतीय पिचों पर गेंदबाजी करने का आनंद ले रहा हूं। उनके पास एक अनोखा एहसास है, जो विविधता पर निर्भर स्पिनरों को फायदा पहुंचाता है।

आर्यन ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा है और मैं उन बल्लेबाजों के बारे में चिंता नहीं करता जिनके खिलाफ मैं हूं। मेरा लक्ष्य लगातार सही लेंथ पर गेंद डालना और बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए अपनी गति और टर्न का उपयोग करना है। अपनी किफायती गेंदबाजी के अलावा, आर्यन दत्त ने निचले क्रम में बहुमूल्य रनों का भी योगदान दिया है, जिससे नीदरलैंड को दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ जीत में मदद मिली है। वर्तमान में नीदरलैंड 6 मैचों में 2 जीत के साथ आठवें स्थान पर है।

## क्विंटन डी कॉक का विश्व कप में चौथा शतक, यह बड़े रिकॉर्ड भी कर गए अपने नाम

**मुंबई ।** दक्षिण अफ्रीका के ओपनर क्विंटन डी कॉक अपने आखिरी क्रिकेट विश्व कप 2023 को यादगार बनाने में जोर लगा रहे हैं। बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत खेले गए मैच में उन्होंने शतक लगा दिया। यह विश्व कप में उनका चौथा शतक है। वह श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ भी शतक जड़ चुके हैं। ऐसा कर उन्होंने कुमार संगाकारा का एक विश्व कप में 4 शतक लगाने का रिकॉर्ड बराबर कर लिया। संगाकारा ने यह रिकॉर्ड 2015 विश्व कप के दौरान बनाया था।

**हर्षल गिब्स का रिकॉर्ड किया बरबार**

बहरहाल, क्विंटन डी कॉक का यह वनडे फॉर्मेट में 21 शतक रहा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ही हर्षल गिब्स की बराबरी कर ली है जिन्होंने 248 मैचों में यह कारनामा कर दिखाया था। डी कॉक की खासियत यह रही है कि वह 21 शतक तक महज 152 पारियों में ही पहुंच गए। इस लिस्ट में अभी हाशिम अमला पहले नंबर पर हैं जिन्होंने 181 मैचों में 27 शतक लगाए हैं। दूसरे नंबर पर एबी डीविलियर्स हैं जिन्होंने 223 मुकाबलों में 25 शतक लगाए हैं।

**विश्व कप 2023 के टॉप स्कोरर**

क्विंटन डी कॉक : 7 मैच, 531 रन (शतक तक)
डेविड वॉर्नर : 6 मैच, 413 रन
रचिन रविंद्र : 7 मैच, 406 रन
रोहित शर्मा : 6 मैच, 398 रन
मोहम्मद रिजवान : 7 मैच, 359 रन

## राष्ट्रीय खेलों में 14 साल की धीनिधि ने जीता चौथा स्वर्ण, साजन प्रकाश ने जीता सोना

**पणजी।** कर्नाटक की 14 साल की तैराक धीनिधि देसिंघु ने पणजी राष्ट्रीय खेलों में चार गुणा 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। यह उनका राष्ट्रीय खेलों 2023 में चौथा स्वर्ण पदक है। ओलंपियन साजन प्रकाश ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर बटरफ्लाई में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण जीता। उन्होंने दूसरा स्वर्ण जीता और 1:59.38 सेकंड का समय निकाला। सर्विसेज के एसपी लिकिथ ने पुरुषों के 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में 28.71 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण अपने नाम किया। वहीं, पंजाब की चाहत अरोड़ा (34.09 सेकंड) ने महिलाओं की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक का खिताब कायम रखा। कर्नाटक की चार गुणा 200 मीटर पुरुष और महिला टीमों ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीते।

वहीं, हिमाचल प्रदेश की एथलीट सीमा ने 5,000 मीटर में स्वर्ण अपने नाम किया। उन्होंने इसके अलावा 10,000 मीटर में भी सोना जीता। उत्तराखंड के अंकित कुमार ने 10,000 मीटर में स्वर्ण हासिल किया।

## विश्व कप : चोटों से परेशान हुई न्यूजीलैंड की टीम, विलियमसन-चैपमैन के बाद मैट हैनरी भी चोटिल

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की चोटों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को पुणे में खेले गए मैच के दौरान टीम के शीर्ष तेज गेंदबाज मैट हेनरी को हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई है, न्यूजीलैंड को इस मैच में 190 रन से हार का सामना करना पड़ा। हेनरी अपने छठे ओवर के दौरान दाहिनी हैमस्ट्रिंग में जकड़न का अनुभव करने के बाद बीच में ही हट गए और टीम फिजियो के साथ मैदान पर एक संक्षिप्त परामर्श के बाद, मैदान से बाहर चले गए और फिर मैदान पर नहीं आए। हालाँकि, वह 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आये और नौ गेंदों का सामना किया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार, हेनरी की चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए अगले 24 घंटों में एमआरआई स्कैन कराया जाएगा। वहीं, जेम्स नीशम, जिन्होंने हेनरी का ओवर पूरा किया और पांच ओर और गेंदबाजी की, के दाहिने कलाई में गेंद से चोट लग गई, हालाँकि एक्स-रे से पता चला कि उनकी कोई भी हड्डी टूटी हुई है, लेकिन चोट के कारण उन्हें बल्लेबाजी क्रम में 9वें नंबर पर




खिसकना पड़ा, जहाँ से उन्होंने आठ गेंदें खेलीं और बिना कोई रन बनाए आउट हुए।पुणे में अपने खेल के दौरान न्यूजीलैंड के पास वास्तव में 11 फिट टीम के सदस्य ही बचे थे। मार्क चैपमैन (पिंडली की चोट) और केन विलियमसन (अंगूठे की चोट) पहले ही चोट के कारण बाहर बैठे हैं। लॉकी फर्ग्यूसन, जिनके स्थान पर एकादश में टिम साउदी को शामिल किया गया था, ने भी अपने दाहिने अकिलीज़ का स्कैन कराया, लेकिन इससे कोई महत्वपूर्ण क्षति नहीं हुई और उम्मीद है कि वह ब्लैक कैप्स के अगले गेम के लिए उपलब्ध होंगे।न्यूजीलैंड 4 नवंबर को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने अगले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा।

## आप मेरे सामने कुछ भी नहीं हैं... सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में रियान पराग का ईशारा वायरल

**मुंबई।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गजब फॉर्म में चल रहे असम के कप्तान रियान पराग का आखिरकार सब्र टूट ही गया। 31 अक्टूबर को बंगाल के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने जैसे ही लगातार अपना सातवां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने डगआऊट की ओर ऐसा ईशारा किया जिसको लेकर वह निंदा झेल रहे हैं।

पराग ने मैच में 31 गेंदों पर 2 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 50* रन बनाए थे जिस कारण असम की 8 विकेट से जीत मिली थी।

रियान ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मौजूदा सेशन में 61 (34), 76 (37), 53 (29), 76 (39), 72 (37), 57 (33) और 50 (31) की पारियां खेली हैं। वह टी20 क्रिकेट में लगातार सर्वाधिक अर्धशतकों के वीरेंद्र सहवाग और डेविड वार्नर (5) के रिकॉर्ड को पहले ही तोड़ चुके हैं। देखें सूची-

**ट्वंटी 20 में लगातार अर्धशतक**

रियान पराग- 7
वीरेंद्र सहवाग- 5
डेविड वार्नर- 5
डेवोन कॉनवे- 5
हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा -5
कामरान अकमल-5
जोस बटलर-5




बहरहाल, पराग ने बंगाल के खिलाफ मुकाबले में अनोखा जश्न मनाया। उनके जश्न से ऐसा लग रहा था जैसे वह युवा खिलाड़ी या प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को संदेश भेज रहा हो। जैसे- आप मेरे सामने कुछ भी नहीं हैं और मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। रियान की वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई।

## शियाई शूटिंग चैम्पियनशिप: भारत के 22 पदकों ने पेरिस ओलंपिक के लिए तैयार किया एक बेहतरीन मंच

**नई दिल्ली।** मनु भाकर पहली भारतीय निशानेबाज बनीं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया और फिर पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान भी पक्का किया, जबकि 15 वर्षीय तिलोत्तमा सेन ने विश्व चैंपियनशिप में मिली निराशा को पीछे छोड़ते हुए एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कोटा हासिल किया। एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत ने 22 पदक जीते और छह पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता का प्राथमिक उद्देश्य अगले साल के पेरिस ओलंपिक के लिए ओलंपिक कोटा स्थान जीतना था और उस मोर्चे पर भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। इन छह कोटा को मिलाकर अगले साल के खेलों के लिए भारत के पास अब 13 स्थान सुरक्षित हैं, जीते गए कोटा की संख्या में भारत केवल चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका से पीछे हैं





और दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। बता दें कि कोटा देश को जाता है, निशानेबाज को नहीं, इसलिए पेरिस में वास्तव में कौन पहुंचेगा, इसका फैसला अगले साल चयन परीक्षणों में किया जाएगा। ये कोटा न केवल जीते गए पदकों पर निर्भर करते हैं, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करते हैं कि भारतीय कुछ विषयों में कहां समाप्त हुए और उनसे आगे कितने निशानेबाज उन देशों के थे जिन्होंने पहले से ही उपलब्ध अधिकतम दो कोटा हासिल कर लिए थे। उदाहरण के लिए, चीन ने विश्व चैम्पियनशिप के साथ ओलंपिक योग्यता शुरू होने पर अपने अधिकांश संभावित कोटा सील कर दिए थे। इससे भारतीयों के लिए आराम पाने का मौका खुल गया और निशानेबाजी में भारत की गहराई यहां अच्छे काम में आई।

भारत ने उन निशानेबाजों को मैदान में न उतारकर अपनी संख्या में सुधार किया जो पहले ही पेरिस कोटा जीत चुके थे; जिन लोगों ने चांगवोन में भाग लिया, वे हाल के एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप में मैदान में उतारी गई ए टीम का हिस्सा नहीं थे। और, अगले साल अभी भी कई क्वालिफिकेशन इवेंट आने बाकी हैं, ऐसी संभावना है कि भारत पेरिस 2024 में पहले की तुलना में बहुत अधिक संख्या में निशानेबाजों को मैदान में उतारेगा।

मनु भाकर अब तक एकमात्र निशानेबाज हैं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया और पेरिस कोटा भी हासिल किया। टोक्यो में पराजय के बाद से अधिकांश निशानेबाजों के नतीजे खराब रहे हैं, लेकिन भाकर (21) ने लगातार भारतीय टीम में जगह बनाई है।

## फीफा विश्व कप 2034 की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा सऊदी अरब




**जेनेवा।** सऊदी अरब ने 2034 फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी में रुचि दिखाई है, फीफा ने इसकी पुष्टि की। विश्व फुटबॉल शासी निकाय को 2030 फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए मोरक्को, पुर्तगाल, स्पेन और उरुग्वे से भी रुचि की पुष्टि मिली है। फीफा ने घोषणा की कि इस पहले चरण के बाद फीफा विश्व कप के दोनों संस्करणों के लिए पूरी तरह से बोली प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसमें मेजबानों की नियुक्ति 2024 में फीफा कांग्रेस में एकत्र हुए सदस्य संघों द्वारा की जाएगी। मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित करने से पहले फीफा बोलीदाताओं के साथ बातचीत शुरू करेगा। फीफा कांग्रेस रिपोर्टों पर चर्चा करेगी।

## 90 मीटर का लक्ष्य हासिल करने के लिए तकनीक पर काम करेंगे नीरज चोपड़ा

**मुंबई ।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा नेसाफ तौर पर कहा कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है। नीरज का मानना है कि वह अपनी तकनीक में सुधार करके वह अगले साल 90 मीटर की बाधा पार कर सकते हैं। इस साल विश्व चैंपियन बने चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने हाल ही में हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता।नीरज ने एक कार्यक्रम में कहा,मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है । मुझे लंबे समय तक किसी प्रतिस्पर्धा में यह महसूस नहीं हुआ कि यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है या उसके आसपास है। छह सेंटीमीटर हासिल किया जा सकता है। स्टॉकहोम डायमंड लीग (जून 2022) में 89.94 मीटर का थ्रो फेंका था। उस समय मैं एक लाइन पीछे था। अगर थोड़ा आगे बढ़कर थ्रो फेंकता तो 90 मीटर जाता।

## शाहीन अफरीदी वनडे रैंकिंग में बने नंबर 1, बतौर तेज गेंदबाज सबसे तेज 100 विकेट लेने का मिला फायदा

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के इन-फॉर्म तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी 7 पायदान ऊपर चढ़कर नवीनतम आईसीसी रैंकिंग के अनुसार प्रारूप में नंबर 1 वनडे गेंदबाज बन गए हैं। जारी किया गया। अफरीदी ने अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ दिया। भारत के मोहम्मद सिराज (तीसरे) और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (चौथे) को एक स्थान का नुकसान हुआ है, भारत के कुलदीप यादव (सातवें) और बांग्लादेश के मुजीब उर रहमान (आठवें)



दोनों की स्पिन जोड़ी शीर्ष 10 में दो स्थान के फायदे के साथ है। अफरीदी वर्तमान में एडम जम्पा के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, दोनों ने 16 विकेट लिए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 21 रन देकर 3 विकेट लेने के उनके प्रदर्शन ने उन्हें 51 पारियों में 100 एकदिवसीय विकेट के ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंचाया, जिससे वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए। उन्होंने मिशेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 53 मुकाबलों में 100 विकेट लिए थे। भारत के लिए मोहम्मद शमी 56 वनडे में 100 विकेट लेने वाले सबसे तेज प्लेयर हैं।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ग्रुप मैचों में नहीं खेल पाएंगे चोटिल हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या विश्व कप में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो और मैचों में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह बांग्लादेश के खिलाफ टखने की चोट से उबर रहे हैं। पांड्या ने 19 अक्टूबर के बाद से कोई मैच नहीं खेला है।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को प्री-मैच कांफ्रेंस में कहा, 'चोट के बाद वह जिस भी प्रक्रिया से गुजरे, वह बहुत सकारात्मक थी। वह स्पष्ट रूप से श्रीलंका के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं है। लेकिन यह ऐसी चोट है कि हमें हर दिन देखना होगा कि वह कितना प्रतिशत ठीक हो गया है, वह कितनी गेंदबाजी कर रहा है, कितनी बल्लेबाजी कर रहा है। इसलिए हम उन पर हर दिन नजर रख रहे हैं। जिस तरह से यह चल रहा है, उम्मीद है कि हम उसे जल्द से जल्द देख पाएंगे। अभी मैं बस इतना ही कह सकता हूं।

पांड्या बांग्लादेश के खिलाफ उस समय घायल हो गए जब फॉलो-थ्रू में एक शॉट को रोकने की कोशिश करते समय उनका बायां टखना मुड़ गया। उन्होंने उस मैच में आगे कोई भूमिका नहीं निभाई और उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया। चोट के कारण पांड्या धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के अगले मैच से बाहर हो गए, और हालांकि इस ऑलराउंडर



के इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर के मैच के लिए सीधे लखनऊ में टीम में शामिल होने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें उस मैच से भी बाहर बैठना पड़ा।

पांड्या तब से बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं और उम्मीद है कि उन्हें ठीक होने में काफी समय लगेगा। उनके हरफनमौला कौशल की भरपाई के लिए, भारत ने सूर्यकुमार यादव को खिलाया और न्यूजीलैंड के खिलाफ शार्दुल ठाकुर की जगह मोहम्मद शमी को मौका दिया। सूर्यकुमार 2 रन पर रन आउट हो गए, लेकिन इस विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे शमी ने पांच विकेट लेकर भारत को न्यूजीलैंड को 300 से कम पर रोकने में मदद की। भारत फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है और 6 मैचों में छह जीत के साथ टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के लिए कोलकाता जाने से पहले उन्हें 2 नवंबर को मुंबई में श्रीलंका से खेलना है। इसके बाद भारत बेंगलुरु में नीदरलैंड्स से भिड़कर लीग चरण का समापन करेगा।

## गोल्फ कार्ट से गिरे ग्लेन मैक्सवेल, इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे

**अहमदाबाद ।** आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल गोल्फ कार्ट से गिरकर चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ 4 नवंबर को विश्व कप का लीग मैच नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने बताया कि मैक्सवेल गोल्फ कार्ट पर बैठे थे जब वह गिरे।

आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू डोनाल्ड ने कहा कि क्लब हाउस से टीम बस की ओर लौटते समय ग्लेन मैक्सवेल कार्ट के पीछे से उतरने के दौरान चोटिल हो गया।

उसे सिर में चोट (कनकशन) लगी है। उसे कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरना होगा और वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। वह आस्ट्रेलिया के स्पिन आक्रमण का दारोमदार एडम जाम्पा के




साथ संभालते हैं। इसके अलावा मध्यक्रम के अहम बल्लेबाज भी है जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ दिल्ली में सिर्फ 40 गेंद में विश्व कप के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाया था। मैक्सवेल को इससे पहले मेलबर्न में नवंबर में एक बर्थडे पार्टी के दौरान भी दुर्घटना में पैर में फ्रेक्चर हो गया था। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बीच एक सप्ताह का ब्रेक होने के कारण खिलाड़ी गोल्फ का मजा ले रहे थे। पिछले साल इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो भी गोल्फ खेलते हुए गिर गए थे और टी20 विश्व कप नहीं खेल पाए थे जो इंग्लैंड ने जीता था। कोच ने कहा कि उनके विकल्प की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि विकल्प की कोई जरूरत नहीं है। वह 6 से 8 दिन कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरेगा इसलिए इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएगा। हमारे पास दूसरे खिलाड़ी उपलब्ध हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एशियाई पैरा खेलों के दल से की मुलाकात, भारत ने इस बार जीते 111 पदक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश बदलाव की बयार देख रहा है और उनकी एथलीट-केंद्रित सरकार खिलाड़ियों के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर कर रही है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हांगझोऊ पैरा एशियाई खेलो में पदक जीतकर लौटे भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान कहा कि उनकी सरकार एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'आज हम देश में बदलाव की बयार देख रहे हैं। पहले जब कोई खेल को अपनाता था तो लोग इसे जीवन का एक तय हिस्सा नहीं मानते थे। लेकिन अब चीजें बदल रही हैं। आप लोग भारत के बाहर थे और चीन में खेल रहे थे। आपको पता नहीं होगा कि मैं भी आपके साथ था। मैं हर पल आपकी हर गतिविधि को, आपके प्रयासों को आपके विश्वास को मैं यहां बैठकर जी रहा था। आप सभी ने जिस तरह देश का मान बढ़ाया है वो वाकई ही शानदार है।' मोदी ने कहा, 'खेल हमेशा से प्रतिस्पर्धी होते हैं। आप हर खेल में एक-दूसरे से मुकाबला करते हैं। एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते हैं। मैं जानता हूं कि एक मुकाबला आपके अंदर भी चलता है और आप खुद से भी प्रतिस्पर्धा करते हैं। आपको स्वयं से भी लड़ना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'सोना जितना तपता है, उतना ही निखरता है, उतना ही खरा उतरता है। उसी तरह आप तप करके खरे उतरे हैं। यहां जो खिलाड़ी चुने गए वो वहां से जीतकर आए तो कोई सीखकर आया। आपमें से एक भी हारकर नहीं आया। खेल में दो ही चीज होती हैं या तो जीतना या सीखना, हारना होता ही नहीं है। मोदी ने 2030 युवा ओलंपिक खेलो और 2036 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक को भारत में लाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा, 'देश ने हमेशा अच्छे एथलीट पैदा किए हैं, लेकिन शुरुआती वित्तीय सहायता की कमी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की राह में एक बड़ी बाधा बनकर आई। वह पुरानी सोच बदल गई है। आज व्यक्तिगत एथलीट पर 4-5 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जब क्षमता को सही मंच मिलता है, तभी प्रदर्शन सुनिश्चित होता है।

## संपादकीय

# मराठा आरक्षण की आग

जब आरक्षण के प्रावधान संविधान में जोड़े गए तब वे न तो जाति को लेकर थे न ही ध्आर्थिक पिछड़ेपन को लेकर। तब सामाजिक और शैक्षणिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण देने की बात थी। तब यह माना गया कि आर्थिक पिछड़ापन दूर करना सरकार का फर्ज है इसलिए आरक्षण को गरीबी दूर करने का हथियार नहीं समझा गया था। बाद में वोट बैंक की राजनीति के चलते आरक्षण ऐसा अमृत का प्याला हो गया जिसे छूकर हर जाति अपनी समस्याओं को दूर करना चाहती है। इस देश ने आरक्षण आंदोलन के हिंसक दौर को एक बार नहीं कई बार देखा है। आरक्षण की आग में समाज पहले भी कई बार झुलस चुका है। चाहे वह हरियाणा के जाटों का आंदोलन हो, गुजरात में पटेल समुदाय का आंदोलन हो, राजस्थान के गुर्जर समुदाय का आंदोलन हो, आंध्र प्रदेश के कापू समुदाय का आंदोलन हो। आंदोलन जब हिंसक होते हैं तो न केवल लोगों की जानें जाती हैं बल्कि राष्ट्र की सम्पत्ति को भी नुक्सान पहुंचता है। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन एक बार फिर हिंसक हो गया है। राज्य में अलग–अलग जगहों पर दो विधायकों के और एक मंत्री के घर को आग लगा दी गई। दर्जनों वाहन फूंक डाले गए। राकांपा का कार्यालय जला दिया है। बीड समेत कई जिलों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है और कर्फ्यू लगा दिया गया है। आरक्षण की मांग को लेकर लोग आत्महत्याएं करने लगे हैं और विधायक और सांसद इस्तीफे दे रहे हैं। आंदोलन के हिंसक होने से राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार की मुसीबत और बढ़ गई है। मुख्यमंत्री शिंदे मराठा हैं। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडण्वीस और राकांपा दिग्गज शरद पवार भी मराठा हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हुए हैं और उनकी अपील पर आंदोलनकारी सड़कों पर उतर आए हैं। महाराष्ट्र में करीब 32 साल पहले मराठा आरक्षण को लेकर पहली बार आंदोलन हुआ था। ये आंदोलन मराठी लेबर यूनियन के नेता अन्नासाहब पाटिल की अगुवाई में हुआ था। उसके बाद से मराठा आरक्षण का मुद्दा यहां की राजनीति का हिस्सा बन गया। महाराष्ट्र में ज्यादातर समय मराठी मुख्यमंत्रियों ने ही सरकार चलाई है लेकिन इसका कोई हल नहीं निकल सका। जबकि 2014 के चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में मराठाओं को 16 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए अध्यादेश लेकर आए थे लेकिन 2014 में कांग्रेस–एनसीपी गठबंधन की सरकार चुनाव हार गई और बीजेपी–शिवसेना की सरकार में देवेंद्र फड़णवीस मुख्यमंत्री बने। फड़णवीस की सरकार में मराठा आरक्षण को लेकर एमजी गायकवाड़ की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग आयोग बना। इसकी सिफारिश के आधार पर फड़णवीस सरकार ने सोशल एंड एजुकेशनली बैकवर्ड क्लास एक्ट के विशेष प्रावधानों के तहत मराठाओं को आरक्षण दिया। फड़णवीस की सरकार में मराठाओं को 16 प्रतिशत आरक्षण मिला लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने इसे कम करते हुए सरकारी नौकरियों में 13 प्रतिशत और शैक्षणिक संस्थानों में 12 प्रतिशत कर दिया। मई 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया। दरअसल, मराठा समुदाय का कहना है कि सितंबर 1948 तक निजाम का शासन खत्म होने तक मराठाओं को कुनबी माना जाता था और ये ओबीसी थे, इसलिए फिर से इन्हें कुनबी जाति का दर्जा दिया जाए और ओबीसी में शामिल किया जाए। यह लड़ाई लंबे समय से चल रही है लेकिन ऐसा नहीं कि राज्य सरकार ने ऐसा कदम नहीं उठाया हो। महाराष्ट्र सरकार मराठाओं को आरक्षण देने की पूरी कोशिश में है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की सीमा सीमित कर रखी है, वह सरकार के लिए रोड़ा बनी हुई है। महाराष्ट्र में लगभग 30 फीसदी मराठा समुदाय की आबादी है। सामाजिक और आर्थिक रूप से यह समुदाय काफी पिछड़ा हुआ है। उच्च शिक्षा संस्थानों और नौकरियों में मराठा समुदाय का प्रतिनिधित्व न के बराबर है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (एसबीसीसी) की साल 2018 की रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में करीब 37.28 फीसदी मराठा गरीबी रेखा (बीपीएल) से नीचे रहते हैं। इस समुदाय का 76 फीसदी समुदाय कृषि और कृषि श्रम पर निर्भर करता है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि माली हालत ठीक नहीं होने की वजह से 2013 से 2018 तक 2152 मराठा समुदाय के किसानों ने आत्महत्या की। इस खुदकुशी की मुख्य वजह कर्ज और फसल की बर्बादी थी। मराठा आरक्षण आंदोलन के पीछे भी कई कारण हैं। एक मुद्दा आरक्षित वर्गों व जातियों के क्रीमी लेयर का है जो सारा फायदा लेकर जा रहा है। इससे युवाओं में नाराजगी बढ़ी है। उन्हें लगता है कि 90 फीसदी अंक लाकर भी उनका दाखिला अच्छे संस्थानों में नहीं होता, जबकि अपेक्षाकृत काफी कम अंक लाकर आरक्षण के बूते पर दूसरी जातियां लाभ उठाती हैं।

# लोकतंत्र का प्रहसन

**अतुल**

*“ मौजूदा लोकतांत्रिक विसंगतियों व विद्रूपताओं के चलते आज स्थिति यह उत्पन्न हो गई है कि राजनीतिक दल अपने श्वेत–स्याह चंदे के स्रोतों पर जनता से परदादारी कर रहे हैं। ”*

यह अटपटा सा लगता है जब भारतीय लोकतंत्र में सबसे बड़ा कानून का अधिकारी यानी अटॉर्नी जनरल कहे कि जनता को राजनीतिक दलों के चंदे का स्रोत जानने का अधिकार नहीं है। लोकतंत्र की सर्वमान्य परिभाषा है 'जनता का शासन, जनता के द्वारा और जनता के लिये।' इस सूत्र–वाक्य से ये कहीं स्पष्ट नहीं होता है कि जनता से ऊपर राजनीतिक दलों का स्थान है। मौजूदा लोकतांत्रिक विसंगतियों व विद्रूपताओं के चलते आज स्थिति यह उत्पन्न हो गई है कि राजनीतिक दल अपने श्वेत–स्याह चंदे के स्रोतों पर जनता से परदादारी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, चुनावी बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में होने वाली सुनवाई से कुछ दिन पहले अटॉर्नी जनरल ने यहां तक कह दिया कि सुप्रीम कोर्ट को भी नीतिगत मुद्दों पर फैसला देने का अधिकार नहीं है। इसी घटनाक्रम के आलोक में यहां उल्लेखनीय है कि देश की शीर्ष अदालत ने समय–समय पर ऐसी व्यवस्थाएं दी हैं, जिससे देश में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त हो सका है। ऐसे ही ऐतिहासिक आदेश राजनीति में दागी जनप्रतिनिधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में



दिये गए हैं। उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत द्वारा वर्ष 2003 में दिये गए एक मार्गदर्शक फैसले ने हर दागी प्रत्याशी को बाध्य किया था कि वह अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि का विवरण सार्वजनिक करे। इस बाबत कोर्ट का कहना था कि यह जानना मतदाता का हक है। कमोबेश यही स्थिति चुनावी चंदा जुटाने के बाबत भी मानी जानी चाहिए। लोकतंत्र की शुचिता इस बात पर निर्भर करती है कि चुनाव की प्रक्रिया में खर्च होने वाला धन कानूनसम्मत स्रोतों से ही मिला हो। यह भी पता हो कि विभिन्न राजनीतिक दलों ने किन व्यापारिक घरानों तथा उद्योगपतियों से चंदा जुटाया है। ताकि भविष्य में सरकार बनाने पर राजनीतिक दल द्वारा चुनाव के दौरान लिये गए चंदे के एवज में जनता के हितों की कीमत पर लाभ पहुंचाने की कोशिश न की जा सके। उल्लेखनीय है कि जब संसद में चुनावी बॉन्ड के प्रावधान को कानून का रूप देने का प्रयास किया जा रहा था तो तत्कालीन वित्तमंत्री की दलील थी कि इस कानून के अस्तित्व में आने से जहां चुनाव के लिये चंदा जुटाने में पारदर्शिता आएगी, वहीं भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाया जाएगा। लेकिन एजी के बयान से तो कम से कम वह मंशा जाहिर नहीं होती है। निस्संदेह जनता को पता होना चाहिए कि किस राजनीतिक दल ने किस कॉर्पोरेट घराने से कितना चंदा लिया है। इसमें दो राय नहीं कि कॉर्पोरेट घराने भी सत्ता की हवा भांपकर उसी अनुरूप चंदा देते हैं। एक तरह से यह उनका आर्थिक निवेश ही होता है, ताकि कालांतर लोकतंत्र में पूंजीतंत्र का पोषण हो सके। यहां उल्लेखनीय है कि चुनावी बॉन्ड को लेकर कानूनी प्रावधान है कि चंदा देने वाला व्यक्ति डिजिटल पेमेंट करके एसबीआई के बॉन्ड खरीदता है। कानून के अनुसार राजनीतिक दल व बैंक चंदा देने वाले का नाम उजागर करने के लिये बाध्य नहीं हैं। इसकी वजह से केंद्र सरकार की वित्तीय नियामक संस्थाओं को पता होता है कि कहां से चंदा आया। जिसके चलते सरकार तो जान सकती है कि विपक्षी दल के पास चंदा किस स्रोत से आया है, लेकिन विपक्ष यह नहीं जान सकता कि सरकार को कितना चंदा मिला है और किससे मिला है। जाहिर है इसका लाभ सत्तारूढ़ दल को मिलता है। साथ ही चंदे की ज्यादा मात्रा भी उसके खजाने में आती है। यही वजह है कि कहा जा रहा है कि सत्तारूढ़ दल को कुल चंदे का दो तिहाई हिस्सा मिला है। कह सकते हैं कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी झलकती है। बहरहाल, लोकतंत्र की शुचिता इस बात पर निर्भर करती है कि किस तरह संसाधनों से चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई है। जाहिरा तौर पर नियम विरुद्ध और अपवित्र स्रोत से अर्जित धन कालांतर लोकतंत्र की पवित्रता पर आंच ही लाएगा। निश्चित रूप से जनता की जागरूकता व न्यायिक सक्रियता ही चुनावी चंदे के धंधे में पारदर्शिता लाने में सक्षम हो सकती है।

# विपक्षी नेताओं की फोन टैपिंग

**राहुल**

महुआ मोइत्रा समेत कई बड़े नेताओं के फोन सरकार द्वारा टैप करने का विवाद एक बार फिर खड़ा हो गया है। मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने यह बात सामने लाई है। दरअसल प्रसिद्ध फोन निर्माता कम्पनी एप्पल का इस्तेमाल करने वाले कई ऐसे विपक्षी नेताओं को कम्पनी की ओर से ईमेल मिला है कि जिसमें चेतावनी दी गई है कि उनके फोन राज्य समर्थित हमलावर (स्टेट स्पॉसर्ड अटैकर्स) द्वारा टैप हो रहे हैं। अनेक विपक्षी नेताओं ने इसकी पुष्टि भी की है। राहुल ने इस बारे में कहा है कि उन्हें इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और सरकार चाहे तो बेशक उनका फोन लेकर जा सकती है, परन्तु यह न केवल निजता का हनन है बल्कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज को दबाने की भी कोशिश है जिसका विरोध किया जाना चाहिये। मंगलवार को कई विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि उन्हें अपने आईफोन पर एक अलर्ट प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया है कि राज्य प्रायोजित हमलावर उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि इसकी प्रतिक्रिया में एप्पल ने कहा है कि वह खतरे से आगाह कर रही है परन्तु इसके लिये किसी भी राज्य–प्रायोजित हमलावर विशेष को जिम्मेदार नहीं ठहरा रही है। अलबत्ता उसका कहना है कि श्ऐसे हैकर्स वित्तीय रूप से बहुत अच्छे से पोषित और परिष्कृत हैं। कम्पनी के अनुसार ऐसे हमलों का पता लगाना कुछ गुप्त संकेतों पर निर्भर करता है जो ज्यादातर आधे–अधूरे होते हैं। बयान में यह भी साफ किया गया है कि संभव है कि कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता न चल पाए।श कंपनी ने यह भी कहा है कि वह इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ है कि किस कारण से उसे एलर्ट जारी करना पड़ा है क्योंकि इससे राज्य प्रायोजित हमलावर भविष्य में और सावधान होकर काम करेंगे। इस जानकारी के सार्वजनिक होने से हड़कम्प मच गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उनका डिवाइस हैक हो रहा है या उसकी निगरानी हो रही है। ऐसे ही, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी को भी सोमवार की रात एप्पल से एक ई–मेल मिला। उसमें भी सावधान किया गया है कि उनके फोन की राज्य–प्रायोजित निगरानी की जा रही है और उनका फोन और सभी सिस्टम हैक हो रहे हैं।श वैसे कम्पनी द्वारा इस हैकिंग से निपटना मुश्किल बताया गया है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर, कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी आदि ने भी ऐसी ही चेतावनी मिलने की पुष्टि की है। कुछ लोगों ने स्क्रीनशॉट भी शेयर किये हैं जिसके बाद शक की गुंजाईश नहीं रह जाती है कि यह काम केन्द्र सरकार की ओर से ही हो रहा है। अब तक सरकार की ओर से कोई बयान न आना भी उसे शक के घेरे में डालता है। आखिरकार भारत के प्रतिपक्षी नेताओं के फोन टैपिंग में और किस देश की सरकार की रुचि हो सकती है? राहुल गांधी ने इस बात को और स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के खिलाफ बोलने के कारण ही उनके फोन को टैप किया जा रहा है। उनकी बात में इसलिये दम दिखता है क्योंकि जितने लोगों को भी निर्माता कम्पनी द्वारा फोन टैपिंग की चेतावनी वाले ईमेल मिले हैं वे न केवल विपक्ष के हैं वरन बेहद मुखर भी हैं और अदानी के विरूद्ध आवाज भी उठाते रहे हैं। उनके द्वारा मोदी सरकार की आलोचना के अंतर्गत अदानी प्रमुख विषय होते ही हैं। अपने फोन की टैपिंग के एलर्ट का संदेश देने वाले ईमेल की प्रति दिखाते हुए राहुल ने यह भी कहा कि देश में मोदी के भी ऊपर अदानी हैं। हालांकि उन्होंने एक बार फिर से इस बात की घोषणा कर दी कि चाहे जो हो जाये, वे अदानी–मोदी के कथित घोटालों को उठाते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले भी भारत सरकार पर यह आरोप लग चुका है कि उसने इजरायल से पैगासस नामक जासूसी उपकरण खरीदा है जिसके जरिये देश के अनेक लोगों के फोन टैप कराये जा रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के नाम सामने आये थे उनमें सिर्फ विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि नितिन गडकरी जैसे कुछ उनके अपने मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी भी थे। उनमें कुछ पत्रकार और यहां तक कि भूतपूर्व न्यायाधीश के नाम भी सामने आये थे। हालांकि उस समय भी सरकार ने इस बात से इंकार किया था कि वह किसी के फोन टैप करा रही है लेकिन उसका खुलासा जिस प्रामाणिक ढंग से हुआ था, उससे शक की कोई गुंजाईश नहीं रह जाती थी। सम्भवतया मामला उठने के बाद उतने ही गुपचुप तरीके से उसका इस्तेमाल रोक भी दिया गया होगा। हालांकि कोई इस बात को दावे के साथ नहीं कह सकता कि वह जासूसी रोक दी गई होगी। जो भी हो, यह एक गम्भीर मसला है और सरकार को चाहिये कि इस बात की गहराई से और पारदर्शितापूर्वक जांच कर इसकी रिपोर्ट जनता के सामने लाए। हालांकि इसकी मोदी सरकार से इसकी उम्मीद करना बेकार है। सम्भव है कि सरकार इस पर मौन धारण कर ले और आतंक फैलाने हेतु यह भ्रम बनाकर रखे कि विपक्षियों के फोन टैप हो रहे हैं।






मेष :– योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त–मौला मन मौज मस्ती समय व्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा–प्रतियोगिता में परिश्रम तीव्र होगा।

बृषभः– नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र।

मिथुनः– नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नये सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होने के आसार हैं।

कर्कः– सुख–साधनों की लालसा बढे.गी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

सिंहः– किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप संभव। सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

कन्याः– मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे–बुरे सभी परिस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख–दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

तुलाः– पुराने गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारने की आवश्यकता है। अच्छे कायरे से परिजनों के दिल में जगह प्राप्त करेंगे। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

वृश्चिकः– भौतिक सुख–साधनों की लालसा बढे.गी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी।

धनुः– मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरे में न व्यतीत करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ के आसार। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है।

मकरः– सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचिकर लगेगा। रोजगार के क्षेत्र में नये लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

कुंभः– किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। समय का सदुपयोग करें।

मीनः– प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें।

# धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद लोकतंत्र के लिए विनाशकारी

**संजीव ठाकुर**

*“ यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। ”*

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैस स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैस देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंस देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघार्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए–नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग–अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए।

स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे।

## आरबीआई ने बताया- 2000 रुपये मूल्य के 97 फीसदी नोट बैंकों में वापस आये

**मंबई/नई दिल्ली।** देश में चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपये मूल्य के 97 फीसदी से ज्यादा नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। लोगों के पास अब सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही रह गए हैं। रिजर्व बैंक ने जारी एक बयान में कहा कि 2,000 रुपये मूल्य के 97 फीसदी से ज्यादा नोट अब वापस आ चुके हैं। आरबीआई के मुताबिक चलन में मौजूद दो हजार रुपये मूल्य के नोटों का कुल वैल्यू 19 मई को 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो घटकर 31 अक्टूबर को 10,000 करोड़ रुपये रह गया है। हालांकि, अब बैंकों में इन नोटों को नहीं जमा किया जा सकता है, लेकिन रिजर्व बैंक के 19 कार्यालयों में ये नोट जमा या बदले जा सकते हैं। आरबीआई ने 2000 रुपये मूल्य के नोटों को बदलने के लिए 7 अक्टूबर तक का समय दिया था। इन नोटों को बैंकों में जमा करने के साथ अन्य मूल्य वर्ग के नोटों से बदलने की सुविधा लोगों को दी गई थी, लेकिन अब इसे आरबीआई के कार्यालयों में जमा या बदला जा सकता है। इस बीच 2,000 रुपये के नोटों को बदलने या जमा करने के लिए आरबीआई कार्यालयों में लंबी कतारें देखी जा रही हैं।



## फ्लैट मालिकों से ज्यादा बिजली शुल्क वसूला तो देना होगा 18फीसदी जीएसटी, सीबीआईसी का डेवलपर को निर्देश

**नई दिल्ली।** आवासीय सोसायटी में रहने वाले लोगों से तय दर से अधिक बिजली शुल्क वसूलने वाली रियल एस्टेट कंपनियों, डेवलपर्स और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को बिजली बिल पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी देना होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रियल एस्टेट कंपनियों, शॉपिंग मॉल और एयरपोर्ट संचालकों से अपने परिसर की इकाइयों या किराएदारों से वसूले जाने वाले बिजली बिल पर जीएसटी को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। बोर्ड के मुताबिक, यदि डिस्कॉम से खरीदकर महंगी बिजली बेच रहे हैं, तो जीएसटी देना होगा। वहीं, अगर विशुद्ध एजेंट के रूप में बिजली दे रहे हैं, तो उसे आपूर्ति नहीं माना जाएगा। इसलिए, उस बिजली बिल पर जीएसटी नहीं लगेगा। किराए पर दी गई किसी अचल संपत्ति या परिसर के रखरखाव के लिए बिजली देने पर उसे समग्र आपूर्ति माना जाएगा और उसी हिसाब से जीएसटी लगेगा।

...तो बनी रहेगी देनदारी

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स में वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन ने कहा, सीबीआईसी ने किराए पर दी गई अचल संपत्ति या परिसर के रखरखाव के लिए होने वाली बिजली आपूर्ति पर कर की स्थिति स्पष्ट की है। ऐसे मामलों में समग्र आपूर्ति मानते हुए उस पर 18 फीसदी की दर से कर लगेगा। बिजली बिल अलग से जारी होने पर भी कर देनदारी बनी रहेगी।

किराएदारों पर पड़ सकता है असर

ईवाई पार्टनर सौरभ अग्रवाल ने कहा कि सीबीआईसी के हालिया स्पष्टीकरण ने रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए चिंता बढ़ी दी है। अब मकान मालिक किराए की राशि तय करते समय बिजली पर जीएसटी लागत को जोड़ सकते हैं। इससे किराएदारों को पहले से अधिक किराया देना पड़ सकता है।

## भारत में कंपनियां अगले साल सैलेरी में करेंगी 9.8 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** भारत में कंपनियों द्वारा अगले साल यानी 2024 में 9.8 प्रतिशत की वेतनवृद्धि किए जाने की उम्मीद की जा रही है। विलिस टावर वाटसन (डब्ल्यूटीडब्ल्यू) की हाल ही में जारी 'सैलरी बजट प्लानिंग इंडिया रिपोर्ट' में यह सामने आया है। इसमें कहा गया है कि सभी क्षेत्रों की कंपनियां अभी भी अपने लागत ढांचे की बारीकी से निगरानी कर रही हैं ऐसे में ज्यादा वेतन वृद्धि की संभावना नहीं है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि कंपनियां अगले साल वेतन में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं। हालांकि, यह 2023 में 10 प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा कम है।

'सैलरी बजट प्लानिंग इंडिया रिपोर्ट' में अनुसार, भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 9.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2023 में 10 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि के करीब है। सर्वे के मुताबिक, आईटी क्षेत्र में वेतन वृद्धि में कमी की उम्मीद है। पहले 2024 के लिए लगभग 11 से 12 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान था, जो अब घटकर 10 प्रतिशत प्रतिशत पर आ गया है। इसके विपरीत, विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों का विस्तार हो रहा है। यह क्षेत्र अगले साल ज्यादा भर्ती करने के साथ ज्यादा वेतन दे सकते हैं।

## 31 अक्टूबर तक रिकॉर्ड 7.85 करोड़ आईटीआर दाखिल : आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** देश में टैक्स देने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 अक्टूबर तक रिकॉर्ड 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए गए हैं। आयकर विभाग ने यह जानकारी दी है।


वित्त मंत्रालय ने बुधवार को आयकर विभाग के हवाले से बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 31 अक्टूबर, 2023 तक दाखिल आयकर रिटर्न की कुल संख्या 7.85 करोड़ है, जो अब तक सबसे अधिक है। विभाग के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में दाखिल आईटीआर की कुल संख्या 7.78 करोड़ थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जारी बयान में कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 अक्टूबर, 2023 तक दाखिल किए गए आईटीआर की कुल संख्या 7.65 करोड़ से अधिक है, जो कि आकलन वर्ष 2022-23 के लिए सात नवंबर, 2022 तक दाखिल 6.85 करोड़ आईटीआर की तुलना में 11.7 फीसदी अधिक है। विभाग के मुताबिक आकलन वर्ष 2023-24 के लिए दाखिल 7.65 करोड़ आईटीआर में से 7.51 करोड़ से अधिक आईटीआर सत्यापित किए जा चुके हैं। इन सत्यापित आईटीआर में से 7.19 करोड़ 31 अक्टूबर, 2023 तक प्रसंस्कृत किए जा चुके हैं। इस तरह लगभग 96 फीसदी सत्यापित आईटीआर प्रसंस्कृत हो चुके हैं।उल्लेखनीय है कि उन करदाताओं (जिनके पास कोई अंतरराष्ट्रीय या निर्दिष्ट घरेलू लेन-देन नहीं है।) जिनके मामले में खातों का ऑडिट करना जरूरी था, उनके लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर-7 के अलावा) दाखिल करने की नियत तारीख 31 अक्टूबर थी। इससे पिछले साल ऐसे आईटीआर दाखिल करने की नियत तारीख 7 नवंबर, 2022 थी।




## ईडी ने नरेश गोयल और अन्य की 538 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिवार के सदस्यों और कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन जांच के तहत 538.05 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। यह संपत्तियां लंदन, दुबई और भारत में स्थित हैं।

ईडी ने जारी बयान में कहा कि जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिवार के सदस्यों और कंपनी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 538.05 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की गई है। जब्त की गई संपत्तियों में 17 फ्लैट, बंगले और वाणिज्यिक परिसर शामिल हैं। लंदन, दुबई और भारत के विभिन्न शहरों में स्थित जब्त की गई ये संपत्तियां जेट एयर प्राइवेट लिमिटेड और जेट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता और बेटे निवान और कुछ अन्य कंपनियों के नाम पर हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 74 वर्षीय नरेश गोयल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने एक दिन पहले मंगलवार को मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। नरेश गोयल फिलहाल न्यायिक हिरासत में मुंबई के आर्थर रोड जेल में है।





## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, निवेशकों को 1.24 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया। दोपहर 2 बजे के करीब हुई तेज बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक आज के सबसे निचले स्तर के करीब पहुंचकर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.44 प्रतिशत और निफ्टी 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

घरेलू शेयर बाजार में आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी। पहले घंटे के कारोबार में खरीदारों ने जोर लगाकर कुछ देर के लिए सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों को हरे निशान में पहुंचाया, लेकिन इसके बाद बिकवाली के जबरदस्त दबाव के कारण दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही।

इसी तरह एनर्जी, ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, पीएसयू बैंक, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.10 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों के करीब सवा लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 310.21 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 311.45 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.24 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,783 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,643 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,002 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 138 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के सपाट स्तर पर बंद हुए। एनएसई में आज 2,112 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 812 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,300 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 45.06 अंक की कमजोरी के साथ 63,829.87 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके कारण ये सूचकांक कुछ देर के लिए हरे निशान में 63,896.05 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार पर बिकवाली का चौतरफा दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक लगातार लाल निशान में गिर कर ही कारोबार करता रहा। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 283.60 अंक की कमजोरी के साथ 63,591.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज 15.55 अंक की गिरावट के साथ 19,064.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में हुई खरीदारी के सपोर्ट से कुछ देर के लिए ये सूचकांक उछल कर 19,096.05 अंक तक पहुंचा। इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने के कारण इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक 105.90 अंक टूट कर 18,973.70 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 90.45 अंक की गिरावट के साथ 18,989.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सन फार्मास्युटिकल्स 2.54 प्रतिशत, बीपीसीएल 2.19 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 0.70 प्रतिशत, बजाज ऑटो 0.57 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, अडाणी एंटरप्राइजेज 3.37 प्रतिशत, कोल इंडिया 2.42 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 2.32 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 2.04 प्रतिशत और अडाणी पोर्ट्स 1.99 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## विमान ईंधन 5.8 फीसदी सस्ता हुआ, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने विमान टरबाइन ईंधन (एटीएफ) में 6,854.25 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 5.8 फीसदी की कटौती की है। विमान ईंधन की कीमत में लगातार चार बार बढ़ोतरी के बाद यह कटौती की गई है। नई दरें लागू हो गई हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में विमानन टरबाइन ईंधन की कीमत 6,854.25 रुपये कम होकर 1,18,199.17 रुपये प्रति किलोलीटर से 1,11,344.92 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। पिछले महीने अक्टूबर में एटीएफ की कीमत में 5 फीसदी का इजाफा हुआ था। अधिसूचना के मुताबिक कोलकाता में एटीएफ 6,812.63 रुपये घट कर 1,19,884.45 रुपये प्रति किलोलीटर पर आ गया है, जो पहले 1,26,697.08 रुपये प्रति किलोलीटर था। वहीं, मुंबई में एटीएफ 6,470.42 रुपये सस्ता होकर 1,04,121.89 रुपये प्रति किलोलीटर पर आ गया हैं, जो पहले 1,10,592.31 रुपये प्रति किलोलीटर था। इसी तरह चेन्नई में एटीएफ की कीमत 7,044.95 रुपये सस्ता होकर 1,15,378.97 रुपये प्रति किलोलीटर पर आ गया है, पहले 1,22,423.92 रुपये प्रति किलोलीटर था। इस तरह विमान ईंधन की कीमत में करीब छह फीसदी की कटौती की गई है। एटीएफ की कीमतों में कटौती ने एयरलाइन कंपनियों के बोझ को कम कर दिया है। दरअसल, विमान में एटीएफ की परिचालन लागत 40 फीसदी होती है।



## वित्त मंत्री सीतारमण तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर श्रीलंका पहुंचीं

**कोलंबो।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुबह तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर श्रीलंका पहुंचीं। सीतारमण के कोलंबो एयरपोर्ट पर पहुंचने पर श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर बताया कि वित्त मंत्री सीतारमण तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आज श्रीलंका पहुंचीं। सीतारमण का कोलंबो स्थित कटुनायके एयरपोर्ट पर श्रीलंका के जल आपूर्ति और संपदा अवसंरचना विकास मंत्री जीवन थोंडामन ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्वी प्रांत के गवर्नर सेंथिल थोंडामन, विदेश राज्यमंत्री थरका बालासूर्या और सांसद मारुथापंडी रामेश्वरन मौजूद रहे। मंत्रालय के मुताबिक सीतारमण इस यात्रा के दौरान श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के आगमन के 200 साल पूरा होने के अवसर पर श्रीलंका सरकार द्वारा आयोजित 'नाम टू हंड्रेड' सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इस समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्धने भी शामिल होंगे। वित्त मंत्री इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण वार्ताओं और राजनयिक विचार-विमर्श में भी शामिल होंगी।



## अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 13 फीसदी बढ़ा, सरकार ने जुटाए 1.72 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** दीपावली से पहले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह से सरकार का खजाना भर गया है। अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा था। सालाना आधार पर 13 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 13 फीसदी उछल कर 1.72 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले महीने में जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा था। यह जीएसटी राजस्व संग्रह का दूसरा सबसे उच्चतम मासिक आंकड़ा है। अप्रैल 2023 में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले अक्टूबर 2022 में जीएसटी संग्रह 1.52 लाख करोड़ रुपये रहा था। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2023 में जीएसटी संग्रह 1,72,003 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 30,062 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38,171 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 91,315 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रह किए 42,127 करोड़ रुपये सहित) और सेस 12,456 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सेस में माल के आयात से मिले 1294 करोड़ रुपये शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले साल की तुलना में 11 फीसदी अधिक है।




## यूपीआई से अक्टूबर में 17.16 लाख करोड़ रुपये का हुआ रिकॉर्ड लेन-देन

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए लेन-देन में लगातार इजाफा हो रहा है। यूपीआई ने अक्टूबर में कुल 17.16 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1141 करोड़ लेन-देन प्रोसेस किया है।

यह लगातार तीसरा महीना है, जब यूपीआई के जरिए 1000 करोड़ से ज्यादा लेन-देन किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 'एक्स' पोस्ट पर बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि अक्टूबर में कुल 17.16 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1141 करोड़ लेन-देन किए गए हैं। सितंबर में यूपीआई से 15.80 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1,056 करोड़ लेन-देन हुए थे। अगस्त में 15.76 लाख रुपये मूल्य के 1058 करोड़ लेन-देन यूपीआई के जरिए किए गए थे।

एनपीसीआई के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में यूपीआई प्लेटफॉर्म ने कुल 139 लाख करोड़ रुपये मूल्य के कुल 8,376 करोड़ लेन-देन को प्रोसेस किया था।

उससे पहले वित्त वर्ष 2021-22 में 84 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 4,597 करोड़ लेन-देन प्रोसेस किए गए थे। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2026-27 तक यूपीआई लेन-देन प्रति दिन 100 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है।




## 'अगर सस्ता होगा तेल तो भारत भी....', यूएस के वेनेजुएला पर प्रतिबंध हटाने पर बोले पेट्रोलियम मंत्री पुरी

**नई दिल्ली।** अमेरिका वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर भी पाबंदी लगाने की धमकी देता रहा है, लेकिन पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच वह खुद उससे तेल खरीदने की तैयारी में है। उसने हाल ही में वेनेजुएला के तेल क्षेत्र पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध हटा दिया है। इस बीच, भारतीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी साफ कर दिया है कि अगर वेनेजुएला तेल सस्ता करेगा तो भारत भी उससे खरीद सकता है।

**तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक**

गौरतलब है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है। अपनी जरूरत का 80 फीसदी से अधिक तेल विदेशों से खरीदता है और अपने कच्चे तेल के आयात कीमतों में कटौती करना चाहता है।

मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक उद्योग कार्यक्रम में वेनेजुएला के तेल के बारे में कहा कि जब बाजार में अधिक आपूर्ति होती है तो यह हमेशा अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि जहां से भी सस्ता तेल मिलेगा हम वहां से खरीदेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वेनेजुएला के पास सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक है। बड़े पैमाने पर इससे उत्पादन का वैश्विक तेल की कीमतों पर असर पड़ेगा। दक्षिण अमेरिकी देश 2019 से ही गंभीर प्रतिबंधों को झेल रहा है। अगले साल होने वाले चुनाव के लिए वेनेजुएला सरकार और विपक्षी दलों के बीच हुए समझौते के तहत दो सप्ताह पहले अमेरिका द्वारा प्रतिबंधों को हटा लिया गया है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, 'हम उपलब्धता पर नजर बनाए हुए हैं। हम अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता ला रहे हैं। हालांकि, मैं इंतजार कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि हम इस सफर में आगे बढ़ पाने में सफल होंगे।अतीत में भी हम ऐसा कर चुके हैं। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और रिलायंस इंडस्ट्रीज वेनेजुएला से पहले तेल खरीद चुका है।'

## भारत में रहकर रूस के बैंकों में खाता खोलना और आसान; पर्यटकों और छात्रों को होगा सबसे ज्यादा फायदा

**नई दिल्ली।** रूस ने भारत में रहते हुए रूसी बैंकों में खाता खोलने के नियमों को आसान बनाने को लेकर बड़ा कदम उठाया है। भारत में रूसी दूतावास ने एक्स पर कहा कि रूस के वित्तीय संस्थानों के साथ बैंक खाते खोलने के इच्छुक भारतीय नागरिकों के लिए हमारी सरकार ने आसान मानदंड तैयार किया है। अब भारत में रहकर भी रूसी बैंकों में बैंक खाते खोलना और धन जमा करना संभव है।

दूतावास ने कहा कि इस फैसले से भारतीय पर्यटक या छात्र रूसी केंद्रीय बैंक के साथ गठबंधन वाले भारतीय बैंक में बिना किसी झंझट के खाता खोल सकते हैं। वित्तीय लेनदेन के लिए आसानी से तुरंत बैंक कार्ड भी मिल जाएगा। ऐसे भारतीय बैंक से संपर्क करें, जिसका रूस के केंद्रीय बैंक के साथ साझेदारी हो। यह सुविधा विशेष रूप से भारतीय पर्यटकों और छात्रों के लिए सुविधाजनक है।

दूतावास ने और क्या कहा?

प्रक्रिया के संबंध में पोस्ट करते हुए लिखा, ऐसे बैंक खाते खोलने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को मार्गदर्शन के लिए रूसी संघ के सेंट्रल बैंक के साथ साझेदार भारतीय बैंक से सलाह लेने की बात कही गई है।

# रीवा का चहुंमुखी विकास जनता के सहयोग के बिना मुश्किल : इंजी. राजेन्द्र शर्मा





पुष्पांजली टुडे

रीवा। रीवा विधानसभा कांग्रेस के प्रत्याशी इंजी. राजेन्द्र शर्मा जनता के बीच लगातार पहुंच रहे हैं और उन्हें जनता का भरपूर आर्शीवाद भी मिल रहा है। रीवा विधासभा के ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्र चोरहटा, गुरुकुल स्कूल रोड, यादव बस्ती, हवाई पट्टी के समीप, पिपरहा टोला, उमरी, बाबुपुर, खोभर सहित शहर के वार्ड क्रमांक 24 व 25 में जनता के बीच पहुंचे और जनता से स्वयं को वोट करने की अपील की। उमरी, अगडाल में जनसंपर्क के दौरान इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि हवाई पट्टी के नाम पर भूमि अधिग्रहण किये जाने के नाम पर अगडाल उमरी के लोगों को छला गया है, कांग्रेस पार्टी की सरकार आने पर पूरे प्रकरण की पूरी जांच कराई जाएगी और जिन लोगों के साथ छल किया गया है उन्हें न्याय दिलाने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी। उन्होंने कहा कि रीवा को भले ही महानगर का दर्जा भाजपाई अपने भाषणों में देते हो लेकिन हकीकत तो यह है कि जिस विकास की हकदार रीवा है वह अभी तक नहीं हो पाया है। चारो ओर उखड़ी हुई सड़कें, सड़कों पर उड़ताहुआ बेतहासा धूल गुबार, लाचार स्वास्थ्य व्यवस्था, बिगड़ी कानून व्यवस्था, आए दिन बढ़ता अपराध ही भाजपा का असली विकास है। रीवा जिले की आठों विधानसभा सहित प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार स्थापित होने पर ही भाजपा के द्वारा प्रदेश की प्रताड़ित जनता को छुटकारा मिल सकेगा, और यह तभी संभव है जब कांग्रेस पार्टी की होगी, इसलिए जनता का सहयोग बहुत जरूरी है। आप का एक वोट हमें रीवा सहित जिले भर के चहुंमुखी विकास को ताकत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि एक बार उन्हें मौका दिया जाए जिससे वे रीवा शहर का सुव्यवस्थित विकास करके दिखाएगें। व रीवा की जनता के हर उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। वहीं महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि रीवा में राजनैतिक दबाव में जो अव्यवस्थित निर्माण भाजपाईयों के इशारे पर उनके चहेते बिल्डरों ने किया है उससे जनता की तकलीफे बढ़ी हैं। आए दिन जाम से लोगो को परेशान होना पड़ता है, जाम में एम्बुलेंस फंसने से मरीजों की जान पर आफत बन आती है, समय पर लोग घर-कार्यालय नहीं पहुंच पाते हैं। जरूरत है इनमें सुधार की और वह तब संभव है जब जनता अब बदलाव करेगी। क्योंकि बीते 20 वर्षो में भरोसा जताने के बाद भी हालात जस के तस हैं कोई सुधार नहीं किया गया। जनता की ही गाढ़ी कमाई का लाभ बिल्डरों को दिया गया। इसलिए रीवा सहित जिले की आठो विधानसभा में कांग्रेस को जिताएं ताकि जनता की समस्याओं का समाधान हो सके।

इस दौरान पूर्व जिला कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्रमणि शुक्ला, सत्यनारायण चतुर्वेदी, सत्या द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी काकू उपस्थित रहे।

# पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम,छात्रों को दिलाई गई शपथ

पुष्पांजली टुडे

रीवा।शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के करहिया परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्वाचन आयोग भारत शासन, जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 100त्र मतदान के लिए जागरूकता अभियान में भाग लिया। दो दिवसीय कार्यक्रम में महाविद्यालय द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई जिसमें लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पांच विषयों पर छात्र-छात्राओं ने वाद विवाद कार्यक्रम में भाग लिया जिसमे 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के आधार पर महाविद्यालय द्वारा ऐप डाउनलोड कार्यक्रम भी आयोजित किया जिसमें सी विजिलेंस ऐप डाउनलोड किया गया। महाविद्यालय द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर संस्कृत गतिविधियां आयोजित की गई,जिसमें जनसभा, नुक्कड़ नाटक, रैली, गीत आदि का आयोजन शहर के विभिन्न स्थानों पर किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक ने सत प्रतिशत मतदान के लिए छात्र- छात्राओं को प्रेरित किया। अपने उद्बोधन मे कहा कि आपके मतदान के द्वारा ही समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है इसलिए मतदान करते समय आपको बिना किसी लोभ और लालच के मतदान करना है चाहिए तथा अपने परिवार जनों को प्रेरित करना चाहिए।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी, पेंटियम पॉइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ सीमा शुक्ला,राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी तथा इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ राकेश तिवारी, गिरीश भाई पटेल,ज्ञानेंद्र तिवारी,अखिलेश मिश्रा,विधि संभलकर,प्रतिभा सिंह,सरस्वती प्रसाद शुक्ल आदि प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रही।



# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

पुष्पांजली टुडे

रीवा।. विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वीप की विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ी हर्दी में खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी। इसी तरह हायर सेकेण्डरी स्कूल तिघरा, मझगवां, खड्डा, रायपुर सोनौरी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुदामा, हाई स्कूल अमिलिया, बालक हायर सेकेण्डरी चाकघाट, हाई स्कूल चौराबारी एवं मझिगवां, कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मऊगंज एवं भमरा में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। मॉडल स्कूल मऊगंज एवं सीएम राइज स्कूल देवतालाब में स्वीप कार्यक्रम के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के विषय में जागरूक किया गया।



## जिले में बनाए गए 187 मिक्स पोलिंग बूथ

# मिक्स पोलिंग बूथ में तैनात होंगे महिला और पुरूष मतदान कर्मी

पुष्पांजली टुडे

रीवा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए रीवा और मऊगंज जिले की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवम्बर को प्रात- 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए जिले भर में 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 187 मिक्स मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि मिक्स पोलिंग बूथ में मतदान दल में पुरूष और महिला मतदान कर्मी शामिल होंगे। निर्वाचन कार्य में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मिक्स पोलिंग बूथ बनाए जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र रीवा में 100, सिरमौर में 14, सेमरिया में 9, त्योंथर में 15, मऊगंज में 11, देवतालाब में 12, मनगवां में 10 तथा गुढ़ में 16 मतदान केन्द्र मिक्स पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

## कलेक्टर ने 7 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

# कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 7 अपराधियों को हुए जिला बदर के आदेश

पुष्पांजली टुडे

रीवा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 7 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। विधानसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 ख के तहत एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं। इन 7 आदतन अपराधियों द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने, मारपीट, गुण्डागर्दी, गाली गलौज, अवैध शस्त्रों के उपयोग, लोगों को डराने-धमकाने तथा अन्य आपराधिक कृत्यों के कारण यह कार्यवाही की गई है। इन अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में धारा 294, धारा 323, धारा 506, धारा 341, धारा 323, धारा 34, 110 जाप्ता फौजदारी तथा अन्य धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। बार-बार समझाइश के बावजूद इन अपराधियों के आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने चंदन उर्फ योगेश सिंह पिता सरदार उर्फ योगेंद्र सिंह आयु 26 वर्ष निवासी ग्राम तिलखन, दीपू सिंह उर्फ शशिधर सिंह पिता अर्जुन सिंह आयु 33 वर्ष निवासी पडरहा तथा राकेश सिंह उर्फ प्रदुम्न सिंह पिता जयमंगल सिंह आयु 40 वर्ष निवासी पतेरिया टोला बांसा को जिला बदर के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने विपेंद्र उर्फ संजू पिता रामानुज सिंह आयु 48 वर्ष निवासी ग्राम लौरी नंबर एक, राम सिंह पिता दिवाकर उर्फ डब्ल्यू सिंह आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम गढ़, दीपक साकेत उर्फ मंजू पिता रामखेलावन साकेत आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम नौवस्ता तथा सागर तिवारी उर्फ तरूण पिता प्रदीप तिवारी आयु 25 वर्ष निवासी ग्राम बैजनाथ को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने दयाशंकर तिवारी उर्फ शनि पिता राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी आयु 25 वर्ष निवासी ग्राम बक्छेरा को एक वर्ष की अवधि के लिए प्रत्येक माह में 15 दिन थाने में उपस्थिति देने के आदेश दिए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

# मतदान केन्द्र में व्यवस्थायें दुरूस्त न होने पर सीईओ जनपद व जीआरएस का वेतन रोकने के दिए निर्देश





पुष्पांजली टुडे

रीवा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत जिले के सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में बनाये गये विभिन्न मतदान केन्द्रों का जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रगौली के मतदान केन्द्र में व्यवस्थायें ठीक न होने, पुताई न होने तथा अन्य कमियां पाये जाने पर जनपद के सीईओ व जीआरएस का वेतन रोकने के निर्देश दिये। निरीक्षणक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे भी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हर्दी कपसा, पंचायत भवन हर्दी कपसा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदुआ, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटरिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रगौली में बनाये गये मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई, शौचायल, पेयजल एवं प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थायें दुरूस्त रहें। मतदान दल कर्मियों को मतदान केन्द्र में सुविधा का ध्यान रखा जाय, इसके लिए स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाऐं की जायं। उन्होंने निर्देश दिये कि किसी भी मतदान केन्द्र में अव्यवस्था न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग आफीसर एवं जनपद के सीईओ को निर्देश दिये कि सभी मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर समुचित व्यवस्थायें दुरूस्त करायें। भ्रमण के दौरान रिटर्निंग आफीसर आरके सिन्हा सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन आयोग की टीम ने शिवपुरी की मतदाता जागरूकता गीत की सीडी की लॉन्च

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

## स्वीप गतिविधियों की सराहना की



शिवपुरी- भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू की अध्यक्षता में ग्वालियर चंबल संभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन और अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह भी उपस्थित रहे। सभी जिलों में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।शिवपुरी जिले में प्रशासन की टीम ने मतदाता जागरूकता गीत तैयार किया है। इस गीत की सीडी को शुक्रवार को ग्वालियर में आयोजित बैठक में निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा लांच किया गया और स्वीप गतिविधियों की सराहना की गई। उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश अनुपम राजन और अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह ने मतदाता जागरूकता गीत की सीडी को लांच किया। उल्लेखनीय है कि इस गीत को एडीएम विवेक रघुवंशी ने लिखा है और एडिशनल सीईओ ब्रह्मेंद्र गुप्ता और आकांक्षा गौड़ ने गीत गाया है। जबकि सूरताल स्टूडियो जुगेश शाक्य द्वारा कंपोज किया गया है। शिवपुरी की टीम ने मिलकर यह मतदाता जागरूकता गीत तैयार किया है। जिसे आयोग की टीम ने लॉन्च किया। इस अवसर पर संभाग आयुक्त दीपक सिंह, आईजी डी श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश भदौरिया उपस्थित रहे।

## सभी अभ्यर्थी व्यय लेखा की सटीक जानकारी रखें- व्यय प्रेक्षक प्रमोद कुमार वर्मा

# शिवपुरी और कोलारस विधानसभा के अभ्यर्थियों के लिए व्यय लेखा प्रशिक्षण संपन्न

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- विधानसभा निर्वाचन 2023 में व्यय लेखा पर निगरानी के लिए विधानसभा क्षेत्र कोलारस और शिवपुरी के अभ्यर्थियों के लिए व्यय लेखा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विधानसभा क्षेत्र शिवपुरी, कोलारस और पिछोर के व्यय प्रेक्षक प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 27 (1) के अनुसार राज्य विधानसभा के प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए नामांकन की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख के मध्य अभ्यर्थी द्वारा या उनके निर्वाचन एजेंट द्वारा उपगत या प्राधिकृत किये गये सभी व्ययों का पृथक एवं सही लेखा निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये रजिस्टर में विधिवत रखना होगा। प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन घोषित होने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्यय के लेखे दाखिल करने होंगे।समस्त राशि पृथक खोले गये बैंक खाते में जमा करने के उपरान्त बैंक खाते के माध्यम से ही चेक/ड्राफ्ट आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करने होगें। 10 हजार रूपए से अधिक किसी एक व्यक्ति/पार्टी पूरे निर्वाचन में नगद भुगतान नहीं किया जाएगा। विधानसभा अभ्यर्थी के लिये व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख निर्धारित की गई है। प्रत्येक अभ्यर्थी को चुनाव प्रचार अवधि में कम से कम तीन बार व्यय रजिस्टर का निरीक्षण व्यय प्रेक्षक महोदय को अवलोकन कराना आवश्यक होगा। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा में व्यय लेखा जमा करने में असफल होता है तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10 क के अधीन उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी और उसे सम्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए अयोग्य घोषित किया जाकर 3 वर्ष की अवधि के लिए निरहित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी दवारा परिणामों की घोषणा की तारीख के 26 वें दिन लेखा समाधान की बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमे अभ्यर्थी द्वारा **लेन देन लेखा व शेड़ो रजिस्टर में मिलान**-किया जाएगा। स्टार प्रचारक का व्यय जिले के अंतर्गत स्टार प्रचारक द्वारा आमसभा की जाती है एवं उसमें स्टेज पर जितने भी अभ्यर्थी उपस्थित होंगे, आम सभा का व्यय उनमें समान रूप से विभाजित किया जाएगा। निर्वाचन में उपयोग में लाये गये वाहन, निर्वाचन प्रचार कार्यालय एवं आमसभा की पूर्व अनुमति रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त की जाएगी एवं सभी अनुमति की प्रति व्यय लेखा प्रस्तुत करते समय प्रस्तुत करनी होगी। व्यय की दरें जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अनुमोदित दरों से कम नहीं होना चाहिए।



# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांग मतदाताओं ने ट्राईसाइकिल रेस की, ली मतदान की शपथ

## चंदनपुरा पंचायत के दिव्यांगों ने प्रेरित होकर गाँव में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे




शिवपुरी- विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान किया जाएगा, इस विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से युवा, वृध्द, महिला मतदाताओं पर फोकस किया है लेकिन इसके बाद अब दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद शिवपुरी की चंदनपुरा पंचायत जहाँ पिछली विधानसभा चुनाव में कम मतदान हुआ था, वहां आज दिव्यांग मतदाताओं के बीच व्हीलचेयर रेस का आयोजन किया गया। इस रेस में दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम सभी दिव्यांग मतदाताओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया। रेस को दो पाली में पूर्ण करवाया गया। पहली पाली में 6 दिव्यांगों ने बिना बैटरी वाली ट्राय साइकिल रेस की जिसमें विष्णु धाकड़ और कल्याण आदिवासी ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बेटरी चलित ट्राय साइकिल रेस में आदेश आदिवासी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं का शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके बाद सीईओ जनपद शिवपुरी ने सभी दिव्यांगों के साथ रेस में दर्शक बने समस्त मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलवाई एवं उनसे अपील की। चंदनपुरा के मतदान केंद्र में पिछली बार कम मतदान हुआ है 17 नवंबर को शत प्रतिशत करवाकर चंदनपुरा पंचायत का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करें। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम के बाद सभी दिव्यांग मतदाताओं ने प्रेरित होकर पूरे गाँव में एक एक घर को कवर करते हुएट्राईसाइकिल रैली निकाली एवं घर घर जाकर एक एक मतदाता को मतदान का महत्त्व बताया। कार्यक्रम में बीसी एसबीएम नितिन जैन, सहायक मानचित्रकार मनोज बरुआ, सब इंजीनियर मुकेश धाकड़ ,सचिव बीएलओ उपस्थित रहें।

# जिले का नेतृत्व करते पाली का मान बढ़ाया स्वयंसेवको ने



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**जवाली पाली।** भारत सरकार द्वारा माटी को नमन वीरों को वंदन उद्देश्य के तहत राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश के दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने जिले का नेतृत्व करते हुए पाली का मान बढ़ाया। स्वयंसेवक धनराज भाटी ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र पाली द्वारा जिले के प्रत्येक गांव में घर-घर जाकर मिट्टी व चावल को कलश मे एकत्रित किया गया। तत्पश्चात दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम मे जिले से एकत्रित किए गए मिट्टी व चावल को अमृत कलश में शामिल किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के प्रत्येक गांव से आई मिट्टी व चावल को अमृत कलश में शामिल किया गया जिससे देश के वीरों को वंदन करते हुए इंडिया गेट पर अमृत वाटिका तथा आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक की स्थापना गयी। कार्यक्रम में पाली से स्वयंसेवक भरत वैष्णव, रघुनाथराम,अनिता शर्मा,लीला चौधरी,मायावती मकवाना,सुरेश कुमार,हिमांशु व्यास,हितेश सोनी,अनु सोनी,दीपिका सिंह,पूजा,ज्योती, रोहिताश आग्रेचा,अनिल कुमार,रमेश शालवी आदि ने भाग लिया।

# नकली दूध बनाने के सामान की दुकान पर एडीएम खत्री का छापा, लाखों रुपए का रॉ मैटेरियल बरामद,दुकान संचालक अवधेश शर्मा आदतन आरोपी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** जिला प्रशासन भिंड के द्वारा लगातार नकली दूध और मावा बनाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के निर्देश के बाद लगातार खाद्य सुरक्षा विभाग जिला प्रशासन के नेतृत्व में कार्रवाई कर रहा है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राजकुमार खत्री ने सूचना प्राप्त होने पर गोहद चौराहा स्टेशन रोड पर स्थित दुकान पर छापा मार कार्यवाही में बड़ी मात्रा में नकली दूध बनाने का सामान बरामद किया है। कार्यवाही में जेएसआर ब्रांड मेट्रोडेक्सटिन पाउडर (दूध को गाड़ा करने का पाउडर) 50 से अधिक बोरी, एच टू ओ टू (हाइड्रोजन पर ऑक्साइड केमिकल) 12 कैन, लिक्विड सोप 13 कैन, लिक्विड ग्लूकोज दूध को मीठा करने के लिए 4 कैन, लिक्विड डिटर्जेंट 6 कार्टून, कास्टिक पोटाश पाउडर 20 बैग, लिक्विड डिटर्जेंट 10 बोतल, आर एम केमिकल 25 किलो, आर एम केमिकल लिक्विड चार कैन 25-25 किलो की और अन्य सामान बरामद किया है। जिसकी कीमत 2 लाख 98 हजार 242 रुपए है। अपर कलेक्टर राजकुमार खत्री ने बताया कि इस संबंध में लगातार सूचना मिल रही थी कि केमिकल सामान से दूध बनाने का काम गोहद में हो रहा है। इस पर लगातार निगाह रखी जा रहा थी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ एडीएम खत्री ने गोहद चौराह स्टेशन रोड पर संचालित दुकान पर छापा मारकर कार्यवाही के दौरान बड़ी मात्रा में नकली दूध बनाने का सामान जप्त किया है। इस दुकान का संचालक अवधेश शर्मा (कालू) बताया गया है। यह व्यक्ति दुकान किराए पर लेकर इस अवैध व्यापार को अंजाम दे रहा था। दुकान से दूध ले जाने के



प्लास्टिक केन, फैट मशीन, पाइप, और ऐसे ही अन्य सामान भी मिले है जिससे नकली दूध बनाने और उसको सप्लाई किया जा सकता है। खाद्य सुरक्षा विभाग के फूड सेफ्टी ऑफिसर रीना बंसल ने बताया की जप्त किए गए समान से अनुमानित 10 टैंकर दूध बनाया जा सकता है। इसके साथ ही रसीद कट्टा भी मिला है जिसमें दूध का व्यवसाय करने वाले लोगों को समान बेचने के प्रमाण भी मिले है। अपर कलेक्टर राजकुमार खत्री ने बताया कि जिला भिंड में लगातार ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसा काम करने वालों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह दुकान संचालक जनता और व्यवसायियों को जहर बनाने का सामान बेच रहे हैं इससे कई लोग नकली दूध बनाकर मार्केट में सप्लाई कर रहे हैं जिससे जनता के स्वास्थ्य पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है ऐसे लोगों विरोध कठोर कार्रवाई भी प्रस्तावित की जावेगी। इसके साथ ही सभी समान को जप्त कर लिया गया है। जप्त समान के सेंपल लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे है। दुकान को सील करके, दुकान संचालक आरोपी अवधेश शर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। कार्रवाई में एडीएम राजकुमार खत्री, तहसीलदार नरेश शर्मा, फूड सेफ्टी ऑफिसर रीना बंसल, फूड सेफ्टी ऑफिसर अवनीश गुप्ता, ऑफिसर रेखा सोनी गोहद चौराहा थाना प्रभारी प्रदीप सोनी, पटवारी जैन, सत्य प्रकाश सोनी, अनुज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आपके सहयोग से प्रत्येक बूथ पर भाजपा का कमल खिले: राकेश शुक्ला

**गौरव शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक श्री राकेश शुक्ला ने शुक्रवार को रौन मंडल के एक दर्जन गांव चंदावली, मेंहदवा, काशीपुरा-बिरौना इंदुर्खी पुरा, भीमनगर, महायर रेंवजा निवासाई, कोंध की मडैयन बजे, मेहरा, मानगढ़, प्रतापपुरा, गुमानपुरा में जनसंपर्क करते हुए भाजपा के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि विकास और आपकी सुरक्षा मान और सम्मान की रक्षा करूंगा। आप मुझे आशीर्वाद प्रदान करें जन सेवा में कोई कसर नहीं छोडूंगा। कांग्रेस हमेशा झूठ बोलकर राजनीति करती चली आ रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में आपसे वादा किया था कि हम किसानों के कर्ज माफ करेंगे, लेकिन 10 दिन में ना तो किसानों का कर्ज माफ हुआ और ना ही युवाओं को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गरीब कल्याणकारी विकास योजनाओं को लाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर गरीब को आत्मनिर्भर विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है।यह चुनाव क्षेत्र के विकास के लिए है और मेहगांव के विकास की दिशा और दशा को बदलने के लिए है। आप सभी के सहयोग से प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का कमल खिले और प्रदेश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनें।

# इस पंचम काल में जिन प्रतिमा एवं जिन आगम के ही आधार है: मुनि राजपद्मसागरजी

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू।** जेपीपी श्रमणी भवन में जिन प्रतिमा एवं जिन आगम के विषय में बहुत ही सुंदर तरीके से महाराज साहब ने समझाया मुनि राजपद्मसागरजी ने कहा कि इस काल के अंदर हमको भवसागर से तैरना हो, इस संसार के अंदर से हमको निकलना हो, तो हमारे दो ही आधार है एक तो जिन मंदिर एवं प्रतिमा( चैत्य) और दूसरा है जो हमें अज्ञान रूपी अंधकार से दूर होने का एक मुख्य साधन है सही रास्ता जो दिखता है वह है आगम, और आगम के द्वारा ही हमारी इस डूबती हुई जीवन नैया को पर लगा सकते हैं और हमारे संग में बहुत ही सुंदर यह अवसर आया है। रवि पुष्य योग आने पर दिनांक 5.11.2023 के दिन सुबह प्रातः वेला में भगवान इस अवसर्पिणी कानिकल के प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ परमात्मा एवं इस संघ के ऊपर हमेशा अपनी कृपा बरसाने वाले ऐसे श्री शांतिनाथ दादा की रजत प्रतिमा का निर्माण होने जा रहा है महाराज साहब ने अनेक अनेक ऐसे महापुरुषों के वस्तूपाल




तेजपाल अनुपमा देवी किस प्रकार से दिलवाला आबू में उन्होंने जिन मंदिर का निर्माण कराया और विमलशा मंत्री ने भी किस तरह से परमात्मा का जिन मंदिर का निर्माण करवाया उसे बातों को दृष्टांत देकर के सभी लोगों को प्रेरणा दे करके उत्साहित किया और बहुत सारे भाग्यशालियों ने इस रजत प्रतिमा निर्माण का सुंदर तरीके से सभी लोगों ने श्रावक श्राविकाओं ने लाभ लिया है।मुनि श्रमणपद्मसागर जी ने कहा कि परमात्मा के वचनों के ऊपर पूर्ण श्रद्धा रखकर के अपना जीवन जो जीता है वह अनेक ऐसे बड़े-बड़े महापापों से बच जाता है क्योंकि एक तिलक जब परमात्मा की आज्ञा का एक प्रतीक है हम भी तिलक करके बाहर भी जाते हैं तो सबसे पहले हमको गलत कार्य करना हो तो सबसे पहले उसे तिलक के सामने देखेंगे तो लगेगा आप अनेक ऐसे पापों से बच सकते हो। इसीलिए परमात्मा की आज्ञा सर्वोपरि है और हमारे श्री संघ के अंदर हमारे जीवन का सौभाग्य का सूर्योदय होने जा रहा है हमारे श्री संघ के अंदर प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ प्रभु एवं श्री शांतिनाथ परमात्मा का अवतरण होने जा रहा है रविपुष्य योग के अंदर उसे परमात्मा का रजत प्रतिमा का निर्माण होने जा रहा है तो सभी को साथ में जोड़कर के परमात्मा एवं गुरु के प्रति पूर्ण रूप से श्रद्धा गण बने यही मंगल शुभकामनाएं दी।

# जरूरतमंदों की भी हर्षोल्लास से मनेगी दीपावली, ट्रस्ट ने आयोजित किया भंडारा



**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरु- सबका मंगल सबका भला करने वाले पूज्य बापूजी की सत्प्रेरणा से संत श्री आशारामजी आश्रम ट्रस्ट व उनके सेवाधारियों के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के पूर्व केंगेरी रोड स्थित-उत्तराहल्ली स्लम एरिया में बच्चों के लिए हरिनाम संकीर्तन कराते हुए बच्चों में सुसंस्कारों का सिंचन-बालसंस्कार के साथ बड़ों के लिए गर्म भोजन के साथ मिठाई, फल आदि कई तरह की दैनिक उपयोग की राहत सामग्री के भंडारे का आयोजन किया गया।

## गोहद में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में नेता प्रतिपक्ष ने कहा

# कांग्रेस सत्ता में आ रही है, गोहद के विकास की गारंटी देता हूं :डॉ गोविंद सिंह

**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

**गोहद।** तहसील मुख्यालय के सबसे बड़े ग्राम एंडोरी सहित एहनो, चदोखर गोहद चितौरा में कांग्रेस प्रत्याशी केशव देसाई के समर्थन में शुक्रवार को आयोजित सभा में मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कहा है। कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आ रही है। गोहद के विकास की गारंटी देता हूं। गोहद की अधूरी समस्याओं के निराकरण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी । आपको एक नहीं दो विधायक मिलेंगे। उपचुनाव में जनता की समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका है। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने धन बल के आधार पर जनता की चुनी हुई सरकार को खरीद कर विकास को अवरुद्ध किया था। जिस कारण विकास नहीं हो पाया है। हमारा बादा है। कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आती है। तो निश्चित ही जनता से किए गए पूरे वादे पूर्ण कराए जाएंगे । अधूरे विकास की गति को तेजी से पूर्ण कराया जाएगा



। कांग्रेस प्रत्याशी केशव देसाई ने कहा कि निरंतर 25 वर्षों से कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में गोहद विधानसभा की सेवा कर रहा हूं ।जनता ने दो बार जिला पंचायत सदस्य बनाया लगातार आप सभी के बीच में रहकर मैंने सेवा की है। विधायक के रूप में आप सभी का आशीर्वाद मुझे प्राप्त हुआ तो निश्चित ही अधूरे विकास को तेजी से पूर्ण करने मैं की जान लगा दूंगा। जनता के बीच में रहकर सेवा करूंगा और आपके विश्वास पर खरा उतरूंगा। कार्यक्रम में इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह का गांव में विभिन्न स्थानों पर स्वागत सत्कार किया गया है। कार्यक्रम में भिंड जिला कांग्रेस के प्रभारी वासुदेव शर्मा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह मनोज देयपुरिया भानुप्रताप सिंह तोमर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष गुर्जर एडवोकेट राघवेंद्र सिंह तोमर सत्येंद्र सिंह तोमर संग्राम सिंह तोमर धर्मेंद्र उर्फ संजू तोमर कुलदीप गुर्जर राकेश तोमर नरोत्तम चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

# बीजेपी के नेता ने कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, सुरजेवाला से देसाई को टिकट दिलाने की, की थी सिफारिश- डॉ. गोविंद सिंह

## रूठे हुए दावेदारों को मनाने पहुंचे डॉ. गोविंद सिंह




**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी केशव देसाई के चुनाव कार्यालय पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस पार्टी से टिकट की दावेदारी कर रहे रूठे हुए कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया। जिसमें विधायक मेवाराम जाटव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रेखा बसेड़िया, युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजकुमार देशलहरा, डॉ. धर्मवीर दिनकर, कृष्ण गोपाल चौरसिया आदि को केशव देसाई के समर्थन के लिए डॉक्टर सिंह के समझ एक मंच पर बुलाया गया था। इस दौरान मंच से बोलते हुए डॉक्टर गोविंद सिंह ने कहा कि सर्वे में मेवाराम जाटव केशव देसाई का बराबर नाम आ रहा था परंतु सभी के द्वारा फोन करके बताया गया कि यदि मेवाराम का टिकट होता है तो वह हार सकते हैं। इसके अलावा बीजेपी का भी कोई है जिसने कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, सुरजेवाला जी से भी बात की, कि देसाई को टिकट करोगे तो हम जीजान लगा देंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार कई होते हैं परंतु टिकट एक ही का होता है हमारे हाथ में यदि पहला दूसरा तीसरा स्थान देने का होता तो हम सभी को स्थान देते, परंतु एक सीट के लिए एक ही उम्मीदवार होता है। इस दौरान उन्होंने कार्यालय संचालन के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी सौंपी। इससे पहले टिकट की दावेदारी कर रहे विधायक मेवाराम जाटव, रामनारायण हिंडोलिया, रेखा बसेड़िया, राजकुमार देशलहरा, कृष्ण गोपाल चौरसिया सहित सभी ने कांग्रेस प्रत्याशी केशव देसाई के लिए क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की बात कही। इस दौरान जिला प्रभारी वासुदेव शर्मा, खिजर मोहम्मद कुरैशी, जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, आशीष गुर्जर, विजय उर्फ टोनी मुदगल, गणेश राम शर्मा कुलदीप गुर्जर सहित दो सैकड़ा से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज गोहद के खनेता गांव में

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**गोहद।** भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी लालसिंह आर्य के समर्थन में केंद्रीय मंत्री राजनाथसिंह गोहद विधानसभा में 4 नवम्बर को प्रातः 10 बजे हेलीकॉप्टर से गोहद पहुंच रहे हैं, केंद्रीय मंत्री गोहद विधानसभा खनेता गांव में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह गोहद चौराहे पर रथसभा को भी संबोधित करेंगें। इस दौरान केंद्रीय मंत्री का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है, उक्त यात्रा प्रभारी कमल सिंह तोमर रहेंगे।



# जिनेश जैन बने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में महामंत्री

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- शिवपुरी के समाज सेवी और कक्काजु समर्थक जिनेश जैन को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय कमलनाथ जी के निर्देशानुसार आपको मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया

राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी की भावना अनुसार पार्टी संगठन की मजबूती हेतु सौंपे गये दायित्व का निर्वाह पूर्ण निष्ठा से करेंगे महामंत्री बनाए जाने पर दिनेश जैन और उनके समर्थकों ने मिठाई बाटकर और माला पहनाकर दिनेश जैन को बधाई दी

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा कबीरधाम, छत्तीसगढ़ में आयोजित 'विजय संकल्प महारैली' में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु




**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

छत्तीसगढ़ की जनता ने इस चुनाव में नक्सलवाद एवं भ्रष्टाचार को ख़त्म करने और बदहाल क़ानून-व्यवस्था की स्थिति में बदलाव लाने के लिए डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनाने का मन बना लिया है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए 5 सालों में छत्तीसगढ़ में ढेर सारे घोटाले किए। इनको देखते ही पूरे छत्तीसगढ़ का युवा कहता है ÷30 टका भूपेश कका।भूपेश बघेल कांग्रेस के प्रीपेड सीएम हैं, जिसे स्वाइप करके एटीएम से छत्तीसगढ़ के हजारों करोड़ रुपए निकाल कर दिल्ली के एक दरबार में चढ़ाये गए। लेकिन अब इस प्रीपेड सीएम की वेलिडिटी और उसका टॉकटाइम समाप्त होने वाला है।कांग्रेस की भूपेश सरकार ने दलित और आदिवासी युवाओं से पीएससी नौकरियां छीनकर अपने चट्टे-बट्टों को दी, जिसके खिलाफ युवाओं को नग्न होकर प्रदर्शन करना पड़ा। दलित व जनजातीय युवाओं की नौकरियों को बेचने वाली बघेल सरकार को शर्म आनी चाहिए।छत्तीसगढ़ सरकार के खजाने पर गरीब, दलित और आदिवासियों का अधिकार था, मगर भूपेश बघेल ने इसे एटीएम बनाकर भाई-बहन (राहुल गांधी-



प्रियंका गांधी) के चरणों में रख दिया।कांग्रेस को आदिवासी और पिछड़ा समाज से लूटे पैसे और अवसरों की पाई-पाई का हिसाब देना पड़ेगा।छत्तीसगढ़ में सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करके गरीब आदिवासियों का धर्मांतरण किया जा रहा है। 30 टका, भूपेश कका ने 2 हजार करोड़ का शराब घोटाला, 540 करोड़ का परिवहन घोटाला, 1300 करोड़ का गौठान घोटाला, 600 करोड़ का पीडीएस घोटाला, 5 हजार करोड़ का महादेव ऐप घोटाला और यहां तक कि गोबर घोटाला भी कर दिया।भूपेश सरकार ने कोरोना फंड में घोटाला किया, आदिवासी क्षेत्रों के लिए बने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड में 700 करोड़ रुपये का घोटाला किया। और भी कई घोटाले सामने आने बाकी हैं।कांग्रेस ने 1 लाख 80 हजार संविदा कर्मियों को स्थायी करने, महतारी सम्मान योजना में हर महीने 500 रुपये देने, हर साल 4 मुफ्त गैस सिलेंडर देने, 5000 शिक्षकों की भर्ती करने, राज्य में पूर्ण शराबबंदी, बिजली बिल आधा करने, सिंचाई क्षेत्र पांच साल में दोगुना करने, 1000 बेड का नया अस्पताल बनाने का वादा किया था, लेकिन कुछ नहीं किया, सिर्फ भ्रष्टाचार किया।

## अपनी बंधक गाय को छुड़ाने के लिये गये युवक को बंधक करने बाले तीनो लोगो ने की मारपीट, थाना पुरानी छावनी में मामला दर्ज



सुरजीत राजावत
क्राइम ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर**-थाना पुरानी छावनी में गाय को लेकर मारपीट का मामला दर्ज हुआ है जिसमे गंगामलनपुर के रहने वाले सौरभ यादव, अमन यादव और राजेन्द्र यादव तीनो ने राजेश यादव की गाय को बंधक बनाया था जिसको छुड़ा कर राजेश जलालपुर स्तिथ रेल्वे पुल के पास से गुजर रहे थे तभी सौरभ यादव, अमन यादव व राजेन्द्र यादव तीनो ने आकर राजेश यादव को रोक लिया और गाय न ले जाने के लिये कहा जिस पर राजेश यादव द्वारा इसका विरोध किया तो सौरभ यादव,अमन यादव व राजेन्द्र यादव तीनो ने मिलकर माँ,बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने और साथ डंडे एवम फावड़े से राजेश यादव की पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया, यह सब देखकर आस पास के लोगो ने इसका बीच बचाव कराया जिसके बाद राजेश यादव द्वारा थाना पुरानी छावनी में जाकर इसकी शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने स्त्रढ्ढक्रदर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने जनसंपर्क कर मांगा जनसमर्थन

# विकसित मध्यप्रदेश के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें–माया सिंह

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर ।** भारतीय जनता पार्टी की ग्वालियर पूर्व विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती माया सिंह ने शुक्रवार को दर्पण कॉलोनी से 8 दुकान, गायत्री बिहार व अन्य गलियों में जनसंपर्क किया गया। जिसमें पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को न तो देश से मतलब है न प्रदेश से, वह तो केवल जनता को भ्रमित करने का कार्य करती है। 2003 से पहले मध्यप्रदेश



की क्या स्थिति थी और देश की 2014 से पहले, अब क्या है, इसलिए विकसित मध्यप्रदेश के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें और भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाएं। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, श्री जयप्रकाश राजौरिया, मण्डल अध्यक्ष श्री उमेश भदौरिया, पार्षद श्री अनिल त्रिपाठी, पार्षद श्री गिर्राज कंसाना, श्री महेश तोमर, श्री कुलदीप चतुर्वेदी उपस्थित रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी श्रीमती माया सिंह के समर्थन में उनकी पुत्रवधु श्रीमती नंदनी सिंह ने विभिन्न गलियों में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## चुनाव में संघ की एंट्री, हर विधानसभा क्षेत्र में फोकस



**ग्वालियर (नप्र)**। भाजपा के मूल आधार आरएसएस की दबे पांव विधानसभा चुनाव एंट्री हो गई है। संघ ने ग्वालियर-चंबल अंचल की सबसे पहले उन सीटों पर फोकस किया है, जिन पर पिछले चार से पांच चुनाव से भाजपा जीत के लिए तरस रही है। संघ ने इन क्षेत्रों में सीधे चुनाव-प्रचार न करते हुए विचारधारा से जुड़े लोगों को भाजपा के पक्ष में सक्रिय करने के लिए अपनी टोलियों को चुनावी समर में उतार दिया है। बैठकों का दौर शुरु हो चुका है।

**चुनाव की रणनीति पर मंथन**-प्रत्याशियों को भी राष्ट्रोत्थान न्यास नई सड़क पर बुलाकर उनसे चुनाव की रणनीति पर मंथन करते हुए पूछा जा रहा है कि उन्हें किन-किन क्षेत्रों में संघ की मदद की आवश्यकता है। ताकि उन्ही क्षेत्रों में स्वयं सेवकों को मोर्चा संभालने के लिए भेजा जाए। हालांकि संघ चुनाव की सक्रिय राजनीति से दूर रहता है, अब भी संघ की प्रत्यक्ष रूप से चुनाव में कोई भागीदारी नही होगी। यह बात दायित्ववानों को बता दी गई है। केवल विचारधारा के आधार पर अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा की मदद करनी है। क्योंकि राममंदिर, धारा 370 हटने, तीन तलाक जैसे मुद्दों पर राजनीति में मजबूती से ही सफलता मिली है।संघ का गांव-गांव से लेकर गली-मोहल्लों व संभ्रांत वर्ग में मजबूत नेटवर्क है और कई प्रकल्पों के माध्यम से संघ सर्ववर्गों में सर्वमान्य माना जाता है। संघ के कई प्रकल्पों ने समाज को नई दिशा और एक नया विचार दिया है। इसके साथ ही आपात कालीन परिस्थितियों में भी संघ नागरिकों की मदद करने में आगे रहता है। निष्ठावान व विचारधार के प्रति समर्पित स्वयं संवकों की एक बड़ी फौज है।

## ग्वालियर में अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है-तोमर



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** 15-ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 के अवंतिका वाटिका मुक्तिधाम मार्ग से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। उन्होंने ग्वालियर समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर भाजपा को वोट देने की अपील की।श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रामेश्वरी नगर, विजय नगर, शिव नगर, दुर्गापुरी, शिव बिहार, पीताम्बरा कालोनी, तथा चौड़े हनुमान नगर में भी जनसम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर के विकास का जो संकल्प हमने मिलकर देखा है, उसे पूरा करने की शुरुआत हो चुकी है। आपके आशीर्वाद से आज ग्वालियर विकास की करवट बदल रहा है। जिस ग्वालियर को सबसे पिछड़े शहर के रूप में जाना जाता था, उसमें अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। वह दिन दूर नहीं जब भोपाल-इन्दौर की तर्ज पर ग्वालियर का नाम भी बड़े शहरों की कतार में लिया जाएगा। इस अवसर पर दुर्गादास राठौर मंडल के अध्यक्ष श्री बृजमोहन शर्मा, श्री अरविन्द राय, श्री इन्द्रपाल जनवार, पार्षद श्री देवेन्द्र राठौर, श्री हरीबाबू शिवहरे, श्री धरमवीर राठौर, श्री शैलेन्द्र सिंह सिकरवार, श्री महेश राठौर, श्री पवन शर्मा, श्री विशन सिंह वैश, श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान, श्री राजू भदौरिया, श्री पप्पू परिहार, श्री पर्वत सिंह तोमर, श्री दिलीप राजावत तथा श्री बृजेन्द्र सिंह चौहान उपस्थित रहे।

## गोहद विधानसभा क्षेत्र में पुनः कमल खिलाएं: लाल सिंह आर्य

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद ।** गोहद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य ने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में पहुंचकर 17 नवंबर को होने जा चुनावी महासमर में भाजपा को जिताने एवं गोहद से भाजपा का कमल खिलाने के लिए सर्व समाज के मतदाताओं के बीच पहुंचकर जनसंपर्क किया।इस अवसर पर श्री आर्य ने कहा कि जब-जब आपने मुझे गोहद क्षेत्र की जिम्मेदारी दी तो मैंने हजारों करोड़ के विकास कार्य कराकर इस गोहद क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मप्र के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आज गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की जनता को लाभ मिल रहा है। आने वाले चुनाव में आप प्रत्येक पोलिंग बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाकर भाजपा को आशीर्वाद प्रदान करें और प्रदेश में भाजपा की पुनः सरकार बनें। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कामना सिंह भदौरिया, महिला मोर्चा की प्रदेश कर समिति सदस्य श्रीमती सुमन तोमर, पूर्व सरपंच एवं मंडल अध्यक्ष श्री दीपक सिंह तोमर, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लोधेकीपाली, चंदोखर, रामपाल का पूरा लोहरी का पूरा, चक्र चंदोखर, चंद्रभान का पुरा में संपर्क किया।

## प्रत्याशियों को रजिस्टर दिखाकर तीन बार देना होगा हिसाब-किताब




**ग्वालियर (नप्र)।** हर उम्मीदवार को मतदान दिवस से पहले तीन बार व्यय रजिस्टर दिखाकर चुनावी खर्च का हिसाब-किताब देना होगा। चुनावी व्यय की निगरानी के लिए यहां कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में व्यय लेखा प्रकोष्ठ स्थापित किया जायेगा। नोडल अधिकारी व्यय लेखा व संभागीय संयुक्त संचालक कोष-लेखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों को पहली बार 6 नवम्बर 2023 को अपने व्यय रजिस्टर का निरीक्षण व्यय शाखा में कराना होगा। इसी प्रकार दूसरे निरीक्षण के लिए 10 नवम्बर और तीसरे निरीक्षण के लिए 15 नवम्बर की तिथि निर्धारित की गई है। इन तिथियों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निरीक्षण कराया जा सकेगा। उम्मीदवारों को निर्वाचन व्यय रजिस्टर में नामांकन दाखिल करने की तिथि से किए गए समस्त चुनावी खर्च का लेखा-जोखा इस रजिस्टर में दर्ज करना होगा। साथ ही रजिस्टर सहित सुसंगत व्हाउचर्स के साथ निर्धारित तिथियों में चुनावी खर्चे का हिसाब-किताब देना होगा। व्यय लेखा रजिस्टर प्रत्याशी स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से लेखा टीम व सहायक व्यय प्रेक्षक को दिखा सकेंगे।

**कलेक्टर ने कैमरों से देखी नाकों पर हो रही कार्रवाई**-इलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित होने वाली चुनाव प्रचार से संबंधित हर खबर पर पैनी नजर रखें। खबरों की बारीकी से छानबीन करें और जो खबर पेड न्यूज के दायरे में आए उसे एमसीएमसी के ध्यान में लाएं। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने दिए। कलेक्टर ने गुरुवार को संभागीय जनसंपर्क कार्यालय परिसर में मीडिया अनुवीक्षण कक्ष का एक बार फिर से जायजा लिया। जिले में केवल चैनलों व एफएम रेडियो से प्रसारित चुनावी कार्यक्रमों व खबरों पर 24 घण्टे नजर रखी जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने गुरुवार को मोतीमहल में स्थित स्मार्ट सिटी के कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया। उन्होंने खासतौर पर जिले में स्थापित 18 नाकों पर एसएसटी द्वारा की जा रही वाहनों की चैकिंग सहित अन्य कार्रवाई सीसीटीव्ही कैमरों के जरिए देखी।

## कांग्रेस सरकार ने 15 माह के छोटे से कार्यकाल में 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया







दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश की जनता जानती है कि कांग्रेस सरकार ने 15 माह के छोटे से कार्यकाल में 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया, 100 रूपये में 100 यूनिट बिजली दी, शुद्ध के लिये युद्ध से मिलावट खोरी खत्म हुई, माफियाराज को कुचला गया, सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 300 रूपये से बढ़ाकर 600 रूपये किया, कन्या विवाह सहायता को 55 हजार रूपये किया, तेन्दुपत्ता बोनस को 2500 रूपये कर अनेक वचनों को पूर्ण किया। यह विचार आज कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने जनसंपर्क के दौरान आमजनों के बीच व्यक्त किये। आज कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वार्ड क्रमांक 18 के आदर्श नगर का संपूर्ण क्षेत्र एवं खेल मैदान दीनदयाल नगर से जनसंपर्क प्रारम्भ कर आस-पास की विभिन्न गलियों में घर-घर पहुँच कर जनता से सीधा संवाद किया। इसके साथ ही महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 28 के राठौर संतर, श्रीनगर कॉलोनी, मेहरा कॉलोनी, नितिन नगर, गली नं.1, गली नं.2, गली नं.3, गली नं.4, कुबेर आश्रम और इसी क्रम में पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार, सत्यप्रकाश सिंह सिकरवार, मानवेन्द्र सिंह सिकरवार 'गांधी' एवं आदित्य सतीश सिकरवार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्वालियर पूर्व के अन्य क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी भी किसी एक वर्ग के लिये नहीं सोचती, कांग्रेस की रीति-नीति में सभी वर्गो के व्यक्तियों के लिये सोचना एवं कार्य करना है। कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में किसान भाईयों के लिये भी कई योजनाओं लाई है। जिसमें कृषक-न्याय योजना, इंदिरा किसान ज्योति योजना, किसानों भाईयों को सिंचाई एवं सड़क का अधिकार, खाद-बीज प्रदाय व कृषि लागत पर नियंत्रण, सस्ती ब?याज दरों पर कृषि ऋण एवं क्रेडिट कार्ड, फसल सुरक्षा बीमा जैसी कई सौगाते कांग्रेस मध्यप्रदेश के लिये लायेगी। उन?होंने कहा कि आम आदमी मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान है और भाजपा नेता मजे कर रहे हैं, भाजपा सरकार मंहगाई और बेरोजगारी की बात क्यों नहीं करती हैं। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश भाजपा सरकार ने कर्ज में डूबो दिया है, विकास कार्य ठप पडे हैं। जनसंपर्क में जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष कृष?णराव दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, हितेन्द्र यादव, अनूप शिवहरे, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, पार्षद श्रीमती गायत्री मण्डेलिया, संजना राजावत, रेनू चौहान, प्रीती सोनी, आशा गौर, मंजू यादव, कीर्ति सिंघल पाठक, सुधीर मण्डेलिया, वकील कंषाना, आवेद नकवी, जबर सिंह, योगेन्द्र सिंह नौनेरा, रमेश झा, मनीषा शर्मा, विक्की, लालता प्रसाद मिश्रा, पंचम सिंह भदौरिया, राजवीर सिंह सिसोदिया, मनोज वर्मा, मंथन सिंह, पप्पू पंडित, लोकेन्द्र साहू, सुरेश वाजपेयी, राजू बाथम, कोक सिंह राजे, ओंकार सरपंच, राहुल जाटव, अमित चतुर्वेदी, रामावतार चक्की वाले, जगन्नाथ जाटव, जहान सिंह तोमर, ब्रजेन्द्र सिंह तोमर, राजेश तोमर, वकील कंषाना, छोटू तोमर आदि मौजूद रहे।

## गुंडों ने एक माह पहले युवक को बेरहमी से पीटा था, अब एफआइआर



ग्वालियर, । गोला का मंदिर इलाके में पूरे परिवार को बंधक बनाकर पीटने वाले गुंडों ने एक माह पहले भी एक युवक को बेरहमी से पीटा था। उससे टैरर टैक्स मांगा था, जब उसने टैरर टैक्स नहीं दिया तो मारपीट की। इस घटना के बाद युवक थाने भी पहुंचा था, लेकिन एफआइआर नहीं लिखी गई। अब इस मामले में एफआइआर दर्ज हुई है। इस घटना का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है। मुख्य आरोपित अभी तक नहीं पकड़ा जा सका है। इसके पीछे एक नेता का हाथ होने की कहानी है।गोला का मंदिर इलाके में नशा मुक्ति केंद्र में जानी राजावत और उसके साथियों ने पूरे परिवार को बंधक बनाकर चार दिन पहले पीटा था। परिवार पर गोलियां चलाई थी, लूट भी की थी। पहले तो पुलिस ने इस मामले में सामान्य धाराओं में एफआइआर की थी, लेकिन जब मामले ने तूल पकड़ा तो गैर जमानती धाराएं बढ़ाई गई। इस मामले में मुख्य आरोपित जानी राजावत अभी पकड़ा नहीं जा सका है। उसके छह साथी गिरफ्तार हो चुके हैं। अब स्वदेश राजावत नाम का युवक थाने पहुंचा है। उसने शिकायत की है कि उसके साथ 25 सितंबर को जानी राजावत और उसके साथियों ने मारपीट की थी। उससे टैरर टैक्स मांगा था, जब उसने टैरर टैक्स नहीं दिया तो मारपीट की। इस घटना का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल से रिकार्ड कर लिया था। अब जब जानी राजावत ने दूसरी बार इस तरह की वारदात की तो यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है। गोला का मंदिर पुलिस ने एफआइआर भी दर्ज कर ली है।

# शनिवार को ग्वालियर दौरे पर रहेंगे अमित शाह, अंचल में करेंगे 2 रोड शो, 4 जनसभा

**ग्वालियर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को मध्यप्रदेश के ग्वालियर, शिवपुरी और श्योपुर जिले में चुनाव प्रचार के लिए प्रवास पर आएंगें। शाह पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चार जनसभाओं को संबोधित करेंगे और दो रोड शो करेंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह शनिवार को दोपहर 12 बजे ग्वालियर पहुंचेंगे। यहां से हेलीकाप्टर द्वारा करैरा पहुंचकर दोपहर 12.40 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आमसभा को संबोधित करेंगे। करैरा विधानसभा क्षेत्र में जनसभा-दोपहर एक बजकर 35 मिनट पर करैरा विधानसभा क्षेत्र के सिरसौद में, दोपहर एक बजकर 45 मिनट पर मानपुरा, दोपहर 2 बजे भौंती में रथ सभाएं, दोपहर सवा दो बजे पगारा में स्वागत, दोपहर 2:30 बजे ढाला में स्वागत, दोपहर 2.40 बजे



बदरवाद में रथ सभाओं को संबोधित करेंगे।शाह दोपहर 2.55 बजे पिछोर नगर के स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। शाम 4.15 बजे हजारेश्वर मेला ग्राउंड, श्योपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे।

ग्वालियर में विशाल आमसभा-शाह शाम 7.30 बजे इंटक ग्राउंड हजीरा, ग्वालियर में भाजपा प्रत्याशी प्रद्युम्न सिंह तोमर के समर्थन में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। शाह रात्रि विश्राम ग्वालियर में करेंगे।कांग्रेस प्रत्याशी मुख्य चुनाव कार्यालय के गेट पर बनेगा अमित शाह की सभा का मंच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की शनिवार की शाम को सात बजे चुनावी सभा इंटक मैदान में हैं।इंटक कार्यालय में ही ग्वालियर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुनील शर्मा का मुख्य चुनाव कार्यालय है। कार्यालय के गेट पर ही शाह की सभा का मंच बनेगा, इसके साथ ही गृहमंत्री का काफिला सभास्थल पर पहुंचने के बाद लौटते समय कार्यालय में से ही टर्न लेगा। जिले के अधिकारियों ने इस संबंध में कांग्रेस प्रत्याशी के भाई से चर्चा की है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478